श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 199, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 18 अगस्त 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

एमपी-छग में भाजपा ने फूंका चुनावी बिगुल

हारी हुई 60 सीटों पर किया उम्मीदवारों का एलान

भोपालः भारतीय जनता पार्टी ने राजनीतिक पंडितों को चौंकाते हुए विधानसभा चुनाव-2023 के लि पार्टी उम्मीदवारों की पहली सूची गुरुवार को जारी कर दी। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के लिए भी पार्टी प्रत्याशियों की सूची जारी की गई है। पार्टी प्रत्याशियों की सूची पार्टी के दिल्ली मुख्यालय से राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह के हस्ताक्षर से जारी की गई है। मध्यप्रदेश के विधानसभा प्रत्याशियों की पहली सूची में 39 नाम हैं। इस सूची में भोपाल उत्तर एवं मध्य के लिए भी पार्टी प्रत्याशी घोषित किए गए हैं। सूची के अनुसार पार्टी ने सबलगढ़ से सरला विजेंद्र रावत, सुमावली से अदल सिंह कंसाना, गोहद से लालसिंह आर्य, पिछोर से प्रीतम लोधी, चाचौड़ा से प्रियंका मीणा, चंदेरी से जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, बंडा से वीरेंद्रसिंह लम्बरदार, महाराजपुर से कामाख्या प्रताप सिंह, छतरपुर से ललिता यादव, पथरिया से लखन पटेल, गुन्नौर से राजेश कुमार वर्मा, चित्रकूट से सुरेंद्रसिंह गहरवार, पुष्पराजगढ़ से हीरासिंह श्याम, बड़वारा से धीरेंद्र सिंह, बरगी से नीरज ठाकुर, जबलपुर पूर्व से अंचल सोनकर, शाहपुरा से ओमप्रकाश धुर्वे, बिछिया से विजय आनंद मरावी, बैहर से भगतसिंह नेताम, लांजी से राजकुमार कार्ये, बरघाट से कमल मस्कोले, गोटेगांव से महेंद्र नागेश, सौसर ने नानाभाऊ मोहोड़, पांढुर्णा से प्रकाश उइके, मुल्ताई से चंद्रशेखर देशमुख, भैंसदेही से महेंद्रसिंह चौहान, भोपाल उत्तर से आलोक शर्मा, भोपाल मध्य से ध्रुव नारायण सिंह, सोनकच्छ से राजेश सोनकर, महेश्वर से राजकुमार मेव, कसरावद से आत्माराम पटेल, अलीराजपुर से नागरसिंह चौहान, झाबुआ से भानु भूरिया, पेटलावद से निर्मला भूरिया, कुक्षी से जयदीप पटेल, धरमपुरी से कालूसिंह ठाकुर, राऊ से मधु वर्मा तराना से ताराचंद गोयल एवं घटिया

से सतीश मालवीय को पार्टी ने अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

एमपी की उन सीटों का ऐलान, जहां पिछला चुनाव भाजपा हारी थी

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने अपने 39 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है।

ये सभी वो सीटें है जहां वर्तमान में कांग्रेस का कब्जा है। इनमें भी ज्यादातर वो सीटें है, जहां बीजेपी लगातार दो बार से चुनाव हार रही है। भोपाल मध्य से ध्रुवनारायण सिंह और भोपाल उत्तर से आलोक शर्मा को टिकट दिया गया है। इंदौर के राऊ से मधु वर्मा को मैदान में उतारा गया है। भिंड के गोहद से लाल सिंह आर्य को टिकट दिया गया है। जबकि पिछोर सीट से प्रीतम लोधी को मैदान में उतारा गया।

विजय बघेल को पाटन से चुनाव लड़ाएगी भाजपा

जारी की गई लिस्ट में सांसद विजय बघेल का भी नाम है। उन्हें पाटन से चुनाव लड़ाया जाएगा। यहीं से प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चुनाव जीता था।

विजय बघेल उट बघेल के रिश्तेदार हैं, भतीजे लगते हैं। इस साल का ये चुनाव कका बनाम भतीजा हो सकता है। विजय बघेल को भाजपा ने घोषणा पत्र समिति का संयोजक भी बना रखा है। राम विचार नेताम को भी टिकट दिया गया है। वो रामानुजगंज से चुनाव लड़ेंगे।

विंध्यगिरी को राष्ट्रपति मुर्मू ने समुद्र में उतारा

जहाज निर्माण की क्षमता दिलाने में भारतीय उद्योगों का प्रमुख योगदान : मुर्मू

नई दिल्लीः भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को प्रोजेक्ट 17ए फ्रिगेट्स का छठा जहाज विंध्यगिरी को रिमोट से बटन दबाकर समुद्र में उतार दिया। इस प्रोजेक्ट के जहाजों को भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने इन-हाउस डिजाइन किया है। जहाज का नाम कर्नाटक की पर्वत शृंखला के नाम पर रखा गया है, जिस पर ब्रह्मोस मिसाइल की भी तैनाती हो सकती है। राष्ट्रपति मुर्मू के हाथों कोलकाता के गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) में लॉन्च किया गया विंध्यगिरी प्रोजेक्ट 17ए फ्रिगेट्स का छठा जहाज है। रिमोट से बटन दबाते ही जहाज डेक से खिसकना शुरू हुआ और

देखते ही देखते युद्धपोत समुद्र के पानी में उतर गया। इस ऐतिहासिक पल के दौरान भारत माता की जय का उद्घोष किया गया। समारोह में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत को जहाज निर्माण की क्षमता दिलाने में भारतीय उद्योगों का प्रमुख योगदान है। उन्होंने नौसेना और जीआरएसई के कर्मचारियों को समय पर जहाज का निर्माण करने के लिए धन्यवाद दिया। नौसेना प्रमुख आर. हरि कुमार ने बताया कि इस युद्धपोत में बेहतर स्टील्थ फीचर्स, उन्नत हथियार और सेंसर और प्लेटफॉर्म प्रबंधन सिस्टम हैं। एक तरह से देखा जाए तो तकनीकी रूप से उन्नत यह फ्रिगेट पुरानी एएसडब्ल्यू फ्रिगेट आईएनएस विंध्यगिरी को श्रद्धांजलि है। पुराने जहाज आईएनएस विंध्यगिरी ने 08 जुलाई 1981 को नौसेना में शामिल होकर 11 जून 2012 तक विभिन्न चुनौतीपूर्ण अभियानों और बहुराष्ट्रीय अभ्यासों के दौरान लगभग 31 वर्षों तक सेवा दी थी। नवनिर्मित विंध्यगिरी स्वदेशी रक्षा क्षमताओं के साथ अब अपनी समृद्ध नौसैनिक विरासत को संभालने के लिए तैयार है।

हमें बिना पद का लोभ किए देश के लिए अपना योगदान देने की जरूरत

वर्तमान सरकार से देश खुश नहीं: खड़गे

नई दिल्लीः कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमें मिलकर वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से बाहर करना होगा। सभी को इसकी प्रतिज्ञा लेनी है कि भाजपा वर्ष 2024 में सत्ता में वापस न आने पाए। क्योंकि वर्तमान सरकार से देश खुश नहीं है। खड़गे ने गुरुवार को अखिल भारतीय महिला कांग्रेस का राष्ट्रीय सम्मेलन- प्रतिज्ञा- उज्ज्वल भारत की को संबोधित करते हुए कहा कि वह सभी को सलाह देना चाहते हैं कि आप अच्छा काम करें और भाजपा को हटाएं। उन्होंने कहा कि

कांग्रेस के हर कार्यकर्ता को महात्मा गांधी की तरह देश के प्रति समर्पित भाव से काम करना होगा। हमें बिना पद का लोभ किए देश के लिए अपना योगदान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हम अपने लिए राजनीति में नहीं आए हैं। राजनीति एक सेवा है। हमें सेवा भाव से काम करना होगा। खड़गे ने कहा कि गांधी को क्या मिला? न वह इस देश के प्रधानमंत्री बने और न ही राष्ट्रपति।

चंद्रयान-3 : सफलतापूर्वक मॉड्यूल से हुआ अलग

नई दिल्लीः भारत के चंद्रयान-3 मिशन ने अपनी चंद्र अन्वेषण यात्रा में गुरुवार को एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। प्रज्ञान रोवर को लेकर चल रहा अंतरिक्ष यान का विक्रम लैंडर सफलतापूर्वक प्रोपल्शन मॉड्यूल से अलग हो गया। इससे मिशन एक कदम और आगे बढ़ गया। इसरो ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। इसरो के ट्वीट में कहा गया झ चंद्रयान-3 मिशनः लैंडर मॉड्यूल (एलएम) ने कहा, सवारी के लिए धन्यवाद, दोस्त! एलएम को प्रोपल्शन मॉड्यूल (पीएम) से सफलतापूर्वक अलग कर दिया गया है। कल लगभग शाम चार बजे पहले से तय गति कम करने के बाद एलएम थोड़ी निचली कक्षा में उतरने के लिए तैयार है। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग से भारत दुनिया में ऐसी उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश बन जाएगा। इससे पहले अमेरिका, रूस और चीन इस उपलब्धि को हासिल कर चुके हैं। चन्द्रयान-3 की विशेषता यह है कि यह भारत के प्राकृतिक उपग्रह के दक्षिणी ध्रुव पर उतरेगा। कोई और अन्य देश अभी तक ऐसा नहीं कर सका है।

आप बेवकूफों की पाटीः संदीप दीक्षित

नई दिल्लीः दिल्ली में कांग्रेस और आप के बीच राजधानी की 7 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने को विवाद बढ़ता जा रहा है। कांग्रेस ने इन सीटों पर अपनी नेता अलका लांबा के अकेले चुनाव लड़ने के बयान को भले ही खारिज कर दिया है, लेकिन पार्टी के दूसरे नेता संदीप दीक्षित ने उनका बचाव किया है। संदीप ने गुरुवार कहा कि आप को बेवकूफों की पार्टी है। अगर लांबा कहती हैं कि कांग्रेस सभी सात सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी करेगी, तो क्या गलत कहा। दरअसल, लांबा के बयान के बाद आप ने कहा था कि जब अकेले चुनाव लड़ना है, तो इंडिया

का क्या मतलब। 16 अगस्त को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने दिल्ली कांग्रेस के नेताओं के साथ बैठक की थी। 16 अगस्त को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने दिल्ली कांग्रेस के नेताओं के साथ बैठक की थी।

संदीप ने कहा- तैयारी का मतलब? संदीप ने कहा कि आम आदमी पार्टी बेवकूफों की फौज है। कुछ समझो तो। तैयारी का क्या मतलब होता है? तैयारी का मतलब क्या हमने कैंडिडेट तय कर दिए हैं। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि उनके साथ गठबंधन हो रहा है।

वह (आम आदमी पार्टी) झूठ में जीती है। झूठ, ब्लैकमेल बस यही करती है। उन्होंने कहा कि आदत से जो आदमी इस तरह की बात कहता है, उसका कोई क्या कर सकते हैं।

हमने खुद को सशक्त करने का प्लान बनाया है। तो हम 7 लोकसभा सीटों और 70 विधानसभा सीटों पर मजबूत होंगे। वहीं, गोपाल राय बोले, 'मुझे लगता हैं की भाजपा मणिपुर के मुद्दे से भाग रही है।

नेहरू जी की पहचान उनके कर्म हैं, उनका नाम नहीं: राहुल गांधी

प्रह्लाद जोशी ने कहा कि हम अपने पूर्व प्रधानमंत्रियों को सम्मान दे रहे

नई दिल्लीः केंद्र सरकार ने 14 अगस्त को दिल्ली स्थित नेहरू मेमोरियल का नाम बदलकर प्रधानमंत्री मेमोरियल कर दिया। तीन दिन बाद गुरुवार को इस पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा- नेहरू जी की पहचान उनके कर्म हैं, उनका नाम नहीं। राहुल के इस बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि हम अपने पूर्व प्रधानमंत्रियों को सम्मान दे रहे हैं, चाहें वे किसी भी पार्टी के हों। कांग्रेस पार्टी इसे बेकार में मुद्दा बना रही है। मुझे नहीं पता कि इसमें समस्या क्यों है। स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले नई दिल्ली के तीन मूर्ति परिसर स्थित नेहरू मेमोरियल कर दिया गया था। इसी साल 15 जून को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस पर फैसला लिया गया था। 1929-30 में बना तीन मूर्ति भवन भारत में कमांडर-इन-चीफ का आधिकारिक निवास था। अगस्त 1948 में यह स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का आधिकारिक निवास बन गया।

कारगिल हिल काउंसिल के चुनाव से पहले राहुल का लद्दाख दौराः राहुल गांधी दो दिन के दौरे पर लद्दाख गए हैं। वे सुबह दिल्ली एयरपोर्ट से रवाना हुए और दोपहर करीब 1 बजे यहां पहुंचे। लद्दाख में पार्टी कार्यकताओं ने राहुल का स्वागत किया। इस दौरे पर राहुल पार्टी नेताओं के साथ मीटिंग करेंगे। सूत्रों के मुताबिक वे लद्दाख में बाइक ट्रिप भी करेंगे। लद्दाख और कारगिल के केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद राहुल पहली बार यहां पहुंचे हैं।

ऋ मुहैया कराने की प्रक्रिया को आसान बनाने की तैयारी

आरबीआईने एक पब्लिक टेक प्लेटफॉर्म विकसित करने घोषणा की

नई दिल्ली : भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बिना किसी परेशानी के ऋण मुहैया कराने के लिए एक पब्लिक टेक प्लेटफॉर्म विकसित करने घोषणा की है। इस प्लेटफॉर्म को रिजर्व बैंक इनोवेशन हब (आरबीआईएच) की ओर से विकसित किया जा रहा है, जो आरबीआई की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। 10 अगस्त, 2023 को जारी विकासात्मक और नियामक नीतियों से संबंधित बयान के तहत केंद्रीय बैंक ने यह घोषणा की है। डिजिटलीकरण में तेजी से प्रगति के साथ, भारत ने डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की अवधारणा को अपनाया है। यहां बैंकों, एनबीएफसी, फिनटेक कंपनियों और स्टार्ट-अप को भुगतान, क्रेडिट व अन्य वित्तीय गतिविधियों में अभिनव समाधान तैयार करने और आम लोगों को मुहैया कराने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। डिजिटल क्रेडिट डिलीवरी के लिए, क्रेडिट मूल्यांकन के लिए जरूरी डेटा केंद्र और राज्य सरकारों, खाता एग्रीगेटर्स, बैंकों, क्रेडिट सूचना कंपनियों, डिजिटल पहचान प्राधिकरणों आदि विभिन्न संस्थाओं के पास उपलब्ध हैं। हालांकि, वे अलग-अलग प्रणालियों में हैं, जो नियम-आधारित आसान ऋण मुहैया करने और समय पर उसका वितरण सुनिश्चित करने में अड़चन पैदा करते हैं। पब्लिक टेक प्लेटफॉर्म उधारदाताओं को आवश्यक डिजिटल जानकारी के निर्बाध प्रवाह की सुविधा प्रदान करके आसान क्रेडिट की डिलीवरी सक्षम करेगा। एंड-टू-एंड डिजिटल प्लेटफॉर्म एक ओपन आर्किटेक्चर, ओपन एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (एपीआई) और मानकों पर आधारित होगा जिससे सभी वित्तीय क्षेत्र के घटक प्लग एंड प्ले मॉडल में निर्बाध रूप से जुड़ सकेंगे। प्लेटफॉर्म को सूचना प्रदाताओं तक पहुंच और उपयोग के मामलों एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया जाना है। यह लागत में कमी, त्वरित संवितरण और स्केलेबिलिटी के संदर्भ में ऋण देने की प्रक्रिया में दक्षता लाएगा। पायलट प्रोजेक्ट के दौरान, यह प्लेटफॉर्म प्रति उधारकर्ता 1.6 लाख रुपये तक के किसान क्रेडिट कार्ड ऋण, डेयरी ऋण, एमएसएमई ऋण (कोलैटेरल के बिना), व्यक्तिगत ऋण ।

फडणवीस ने भी कहा था, फिर बनूंगा सीएम : पवार

मुंबईः राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के संस्थापक शरद पवार ने गुरुवार को एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाल किला वाले भाषण का जिक्र करते हुए उनपर निशाना साधा। शरद पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त को मी पुन्हा येईन (मैं फिर आऊंगा) कहा था, मैं उन्हें बताता चाहता हूं कि ऐसी ही बात महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कही थी और वह सत्ता में आएंगे, लेकिन उनका कद घट गया।

पीएम मोदी के साथ खड़ा है पूरा देशः वहीं, देवेंद्र फडणवीस ने शरद पवार पर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ टिप्पणी को लेकर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अगले साल स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से राष्ट्र को संबोधित करेंगे, क्योंकि पूरा देश प्रधानमंत्री मोदी के साथ खड़ा है और वह देश के नागरिकों के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। इससे पहले भी शरद पवार ने देवेंद्र फडणवीस के एक भाषण का उल्लेख किया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि पिछले विधानसभा चुनाव से पहले फडणवीस ने भी पुनः आने का वादा किया था।

राम मंदिर आंदोलनः वीर शहीदों को सम्मान देने की योजना

अयोध्याः अयोध्या में भगवान राम के मंदिर का निर्माण कार्य जोरशोर से चल रहा है। जनवरी में इसका उद्घाटन होना है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट भगवान राम के मंदिर के लोकार्पण के साथ-साथ उन लोगों को भी सम्मान देने की योजना बना रहा है, जिन्होंने राम मंदिर आंदोलन में अपने प्राण गंवाए थे। इन वीर शहीदों को सम्मान देने के लिए ट्रस्ट की बैठकों में कई माध्यमों पर चर्चा हुई है। इन लोगों के नाम पर मूर्तियां, स्मारक और सड़कों-भवनों के नाम रखने जैसे विकल्पों पर विचार किया गया है। अंततः अयोध्या में बनने वाले प्रस्तावित राम म्यूजियम में ऐसे सभी शहीदों को स्थान देकर उन्हें सम्मान देने की योजना पर अंतिम सहमति बन सकती है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट सूत्रों ने अमर उजाला को बताया कि ट्रस्ट की बैठकों में इस

बात पर गंभीरतापूर्वक विचार किया गया है कि राम मंदिर आंदोलन में अपने प्राणों की आहुति देने वाले राम भक्तों को भी उचित सम्मान दिया जाना चाहिए। कुछ सदस्यों ने इन राम भक्तों की मूर्तियां स्थान-स्थान पर लगवाने का प्रस्ताव किया तो कुछ ने इनके नाम पर अयोध्या की सड़कों-चौराहों के नामकरण का प्रस्ताव दिया है। इस प्रस्ताव को स्वीकार करने में सबसे बड़ी बाधा यह रही कि राम मंदिर आंदोलन में अपने प्राण गंवाने वाले राम भक्तों की संख्या की ठीक-ठीक जानकारी नहीं है। लगभग पांच सौ वर्ष लंबे चले राम मंदिर आंदोलन में हजारों लोगों के मारे जाने का दावा किया जाता है। 1990 के दशक में चले आंदोलन से पूर्व के आंदोलनों में अपने प्राण गंवाने वाले राम भक्तों के विषय में ठीक-ठीक सूचना पाना भी कठिन हो सकता है। इनकी संख्या भी बहुत अधिक हो सकती है और इस कारण सबकी मूर्तियां बनवाना संभव नहीं हो सकता है। यही कारण है कि अपने प्राण गंवाने वाले ऐसे सभी राम भक्तों के लिए अलग-अलग मूर्तियां बनवाने के विचार को उपयुक्त नहीं पाया गया।

इस पर सहमतिः सबसे अधिक सहमति इस बात पर बन रही है कि जितने भी राम भक्तों के आंदोलन में मारे जाने की बिल्कुल ठीक-ठीक सूचना है।

डॉक्टर तो जीवनदाता होते हैं : शिवराज

भोपालः मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि डॉक्टर तो जीवनदाता होते हैं। आप सौभाग्यशाली हैं कि दूसरों की जिंदगी बचाने का काम आपके हाथ में हैं। भगवान के बाद लोग डॉक्टर को सबसे अधिक सम्मान देते हैं। "डॉक्टर्स, अस्पताल की आत्मा हैं। आप पूरी लगन और निष्ठा के साथ मानव सेवा व जीवन रक्षा का कार्य करते रहें, आपको किसी तरह की कोई परेशानी न हो; यह हम सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री चौहान गुरुवार को अपने निवास पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस

मौके पर स्वास्थ्य विभाग के चयनित डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि चिकित्सकों का काम सिर्फ नौकरी करना नहीं, बल्कि लोगों की सेवा करना है। बच्चों से पूछो कि बड़े होकर क्या बनना चाहते हो, तो अधिकतर बच्चे कहते हैं कि डॉक्टर।

बीडीओ एवं एसीपी मेजा सहित मनरेगा अधिकारी एवं कर्मचारी हुए सम्मानित

मनरेगा पार्क अल्हवा का लोकार्पण

अखंड भारत संदेश

कोरांव प्रयागराज। जनपद के विकास खंड कोरांव में स्थित ग्राम पंचायत अल्हवा में मनरेगा पार्क का लोकार्पण ग्राम में विकास विभाग के निर्देश पर मुख्य अतिथि बीडीओ कोरांव धीरेंद्र सिंह यादव ने फीता काट कर लोकार्पण किया साथ ही ग्रामपंचायत अल्हवा को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु ग्रामप्रधान के उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए गोद लेने की घोषणा की। धीरेंद्र यादव बीडीओ ने लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय मनरेगा योजना द्वारा मनरेगा पार्क क्षेत्र को समर्पित किया जाता है उन्होंने कहा कि यदि इसी ग्राम प्रधान अल्हवा की तरह सभी ग्राम प्रधान अपने गांव के समग्र विकास हेतु रुचि लें और लोगों का सहयोग प्रदान हो तो निश्चित ही गाँव का विकास संभव है। बीडीओ ने कहा कि इस ग्राम सभा मे बैकुंठ धाम, स्मृति वाटिका, अमृत सरोवर , मनरेगा पार्क , सरकारी अस्पताल आदि कार्यों को देख कर प्रसन्नता होती है। मैं वादा करता हूँ कि इस गांव को गोद ले कर ग्रामपंचायत जो भी प्रस्ताव जनहित और विकास के लिए प्रस्ताव देगी उन्हें स्वीकृति प्रदान की जाएगी। श्री यादव ने कहा कि इस गाँव सभा मे ग्राम प्रधान की इच्छानुसार बहुत सी परियोजनाएं देखने को मिलेगी । प्रधान अहद अहमद सिद्दीकी के प्रस्ताव/मांग पत्र के अनुसार माँगे पूरी करने की घोषणा की। इसी प्रकार ग्रामपंचायत अल्हवा एवं मिस्कीन सेवा संस्थान ट्रस्ट की ओर से खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र कुमार यादव तथा अतिरिक्त प्रोग्राम अधिकारी मनरेगा मानस राठौर , टीसी मनरेगा ज्ञानेंद्र सिंह , सचिव सुनील कुमार सरोज , रोजगार सेवक सूर्यदीन सिंह को सम्मान पत्र के साथ उत्कृष्ट सेवा हेतु सम्मानित किया गया साथ ही सहायक पुलिस आयुक्त मेजा विमल किशोर मिश्र स्वास्थ्य कारणों से अनुपस्थित होने के बावजूद सराहनीय सेवाओं हेतु सम्मान पत्र दिया गया । ग्राम प्रधान श्री शहजादे ने सभी आए हुए अतिथियों, आमनागरिकों, क्षेत्रीय ग्राम प्रधानों, अध्यापकों, क्षात्रों आदि का स्वागत किया साथ ही मनरेगा पार्क में ध्वजारोहण कर समारोह को संबोधित किया। खंड विकास अधिकारी के अलावा एडीओ पंचायत कोरांव दिनेश चंद्र पाठक ने भी ग्रामपंचायत के यथोचित सहयोग का आश्वासन दिया। बीडीओ कोरांव श्री यादव मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि श्री पाठक एडीओ पंचायत ने पार्क में बैडमिंटन खेल कर लोगों को खेल कूद के प्रति प्रोत्साहित किया।

आधुनिक ध्वनि यंत्रों के साथ निकला विशाल तिरंगा यात्रा

अखंड भारत संदेश

सहसों। आजादी का अमृत महोत्सव के साथ स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर क्षेत्र के ग्रामीणों, व्यापारियों, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं छात्रों ने निकाला आधुनिक ध्वनि यंत्रों के साथ भव्य एवं विशाल तिरंगा जुलूस। तिरंगा यात्रा को गांव गांव गली गली एवं बाजारों में देश भक्ति गीत, राष्ट्रगान तथा विभिन्न प्रकार के देशहित नारों के साथ घुमाया गया।

इसी प्रकार पूर्व प्रधान कसेरूआ कला राहुल केसरवानी के नेतृत्व में स्वतंत्रता दिवस पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए आधा दर्जन आधुनिक ध्वनि यंत्र डीजे बैंड के साथ विशाल तिरंगा यात्रा निकाला गया। तिरंगा यात्रा को कसेरुआ कला से प्रारंभ कर हजारों नवयुवकों, छात्रों, व्यापारियों, ग्रामीणों एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ तिरंगा ध्वज के साथ सहसों चौराहा होते हुए राम जानकी मंदिर एवं बाईपास से लेकर वापस कसरूआ कला में समाप्त किया गया। इस विशाल तिरंगा यात्रा में सहसों सहित क्षेत्र के दर्जनों गांवों से आए देशभक्तों ने हर-हर महादेव, जय हिंद, जय भारत आदि नारों के साथ राष्ट्रगान गाते हुए तथा देश के वीर सपूतों, बलिदानियों, क्रांतिकारियों एवं महापुरुषों की याद में नारों के साथ नाचते गाते बड़े ही हर्षोल्लास के साथ शामिल रहे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सोहन लाल केसरवानी, अजय सिंह, हरिश्चंद्र पटेल, महेंद्र पटेल, पार्षद सियाराम मौर्य, कमलेश केशरवानी, अच्छे केसरवानी कोटेदार, नितिन केसरवानी, अबू सहमा पूर्व प्रधान, आशीष बिन्द, दीपक पाल, राकेश पटेल, अनिल सरोज, अमित जायसवाल उर्फ कल्लू , ज्योति चौरसिया, शिवा गुप्ता, ध्यान सिंह, धीरेंद्र सिंह, रिंकू केशेरवानी, बच्चा सोनी, राकेश सोनी, सुभाष सोनी, दिनेश पटेल एवं दिग्विजय सिंह सहित आदि नौजवान बच्चे बूढ़े शामिल रहे।

जीवन ज्योति प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस एवं संस्कार समारोह

अखंड भारत संदेश

करछना। प्रयागराज स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस । इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक डॉ. आर पी पाण्डेय एवं वूमेन वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्षा कुसुम पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए ,विद्यालय के संरक्षक डॉक्टर के के शुक्ला, डॉक्टर सुमित एवं बच्चों के अभिभावकगण तथा शिक्षक एवं शिक्षिका वर्ग सभी उपस्थित रहे । मुख्य अतिथि ने ध्वजारोहण किया और फिर मां सरस्वती की दीप आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई जो देशप्रेम की भावना से भरी हुई थीं। इस अवसर पर सत्र 2023 - 24 संस्कार समारोह का भी आयोजन किया गया । जिसमें हेड ब्वॉय सिद्धार्थ शुक्ला (कक्षा 12 विज्ञान समूह) , हेड गर्ल निहारिका पाण्डेय (कक्षा 12 वाणिज्य समूह) , अनुशासन प्रमुख ब्वॉय अभिनव पाण्डेय (कक्षा 12 विज्ञान समूह) , अनुशासन प्रमुख गर्ल अंशिका पाण्डेय (कक्षा 12 वाणिज्य समूह), खेल प्रमुख ब्वॉय हर्ष तिवारी (कक्षा 12 वाणिज्य समूह) , खेल प्रमुख गर्ल भूमि मिश्र (कक्षा 11 विज्ञान समूह) , सांस्कृतिक प्रमुख ब्वॉय हरिओम मिश्रा (कक्षा 10) , सांस्कृतिक प्रमुख गर्ल समृद्धि शर्मा (कक्षा 9), हाउस प्रीफेक्ट ब्वॉय प्रियांशु पाण्डेय (कक्षा 12 विज्ञान समूह) , हाउस प्रीफेक्ट गर्ल प्रांशी पांडे कक्षा 11 वाणिज्य समूह) एवं जल (ब्लू हाउस) , पृथ्वी (ग्रीन हाउस) , अग्नि (रेड हाउस) एवम वायु (येलो हाउस) सभी विभागों के कप्तान एवं उपकप्तान भी सुनिश्चित किए गए । सभी परिषद सदस्यों को मुख्य अतिथि के द्वारा बिल्ले प्रदान किए गए और सभी सदस्यों ने प्रतिज्ञा लिया कि स्कूल को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देंगे । अंत में विद्यालय के प्राचार्य ने सभी का आभार व्यक्त किया एवं विद्यालय के संरक्षक डॉक्टर के के शुक्ला ने भी सभी को स्वतंत्रता दिवस की ढेर सारे शुभकामनाएं दीं।

प्रयागराज को सूखा ग्रस्त घोषित किया जाय : अरूण तिवारी

चन्द यादव ने एडवोकेट व्जेश पटेल दरोगा कौशलेंद्र गौड़ अकबाल बहादुर कुशवाहा आदि रहे।

करछना। गुरुवार को कांग्रेस कार्यकताओं की बैठक श्री मती इन्दिरा गांधी विद्यालय जगौती में ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रकाश पाण्डेय एडवोकेट की अध्यक्षता में हुई बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी यमुनापार अध्यक्ष अरुण तिवारी ने कहा कि हम कांग्रेस जन प्रदेश सरकार से मांग करते हैं कि प्रयागराज पूर्वांचल सहित पूरे उत्तर प्रदेश को सूखा ग्रस्त घोषित किया जाय जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि देश का किसान सूखे की मार से बेरोजगारी से त्राहि-त्राहि कर रहा है वहीं केन्द्र में बैठी भाजपा सरकार अमृत महोत्सव मना रही हैं ऐसे में ऐस करने वाले देश के राज नेताओं जरा सोचो जिसके पैर ना फूटी बेवाई वह क्या जाने पीर पराई बैठक का संचालन करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य डॉ दिनेश कुमार सोनी कहा कि नैतिकता के आधार पर स्मृति इरानी को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए उनकी वहीं हाल है खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष रंगराज सिंह ने कहा कि सरकार सूखा घोषित करे नहीं तो जनता के हित में कांग्रेस किसी भी हद तक जाने के लिए बाध्य होगी बैठक को संबोधित करने वालों में सर्व श्री शिव विजय सिंह पूर्व जिला उपाध्यक्ष शीतला प्रसाद पाण्डेय जी सुरेश कुमार पटेल मंत्री जी राजेश तिवारी सन्तोष कुमार द्विवेदी नागेश पांडेय संजय शुक्ल एडवोकेट फूल चन्द पाण्डेय नन्द लाल यादव आशीष कुमार मिश्र एंडो लाल

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बहादुरपुर, प्रयागराज

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण

क्षेत्र पंचायत बहादुरपुर में पंचम राज्य वित्त एवं पन्द्रहवां केंद्र वित्त योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में कराये जाने वाले निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मुहरबंद निविदाये अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 15.08.2023 से 04.09.2023 की सायं 03:00 बजे तक कार्य दिवसों में आमंत्रित की जाती है। उक्त तिथि के पक्षात प्राप्त किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। नियम शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्य दिवस में देखी जा सकती है किसी एक व समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी– बहादुरपुर का होगा। निविदा दिनांक 05.09.2023 को अपरान्ह 02:00 बजे गठित समिति एवं अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जायेगी अवकाश की दशा में दूसरे कार्य दिवस में खोला जायेगा। निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस में विकास खण्ड कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा फॉर्म के साथ बिल ऑफ़ क्वांटिटी उपलब्ध करायी जायेगी। प्रत्येक कार्य हेतु पृथक–पृथक निविदा डाली जायेगी तथा प्रत्येक कार्य की निविदा डालते समय 100 रु० के स्टैम्प पेपर के साथ जमा करना होगा। निविदा स्वीकृत होने पर 10 रु० के स्टैम्प पर अनुबंध करना होगा। आर्नेस्ट मनी की धनराशि 2 प्रतिशत की दर से निविदा प्रस्तुत करते समय एफ.डी./एन.एस.सी. के रूप में देय होगा। शेष 8 प्रतिशत की धनराशि निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त एफ.डी./एन.एस.सी. के रूप में कार्यालय में जमा करना होगा जो खण्ड विकास अधिकारी बहादुरपुर के नाम से बंधक होगी को ही स्वीकार किया जायेगा। बिना धरोहर धनराशि के किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। किसी भी दशा में नगद धनराशि मान्य नहीं होगी साथ ही प्रत्येक कार्यो पर नियमानुसार आयकर, जी.एस.टी. एस. एवं लेबर सेस की कटौती की जायेगी। बजट की प्रत्याशा में कार्यों का विवरण निम्नवत है–

क्रम सं0	परियोजना का विवरण एवं परिमाप	स्वीकृत प्राक्कलन की धनराशि (लाख रू0)(श्रम+सामग्री)	धरोहर धनराशि 2% (रू0 में)	धरोहर धनराशि 8% (रू0 में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0 में)	कार्य पूर्ण कराने की अवधि
1	ग्राम बरईपुर में ब्रहादेव मिश्रा के घर से विश्वनाथ देव के घर तक इण्टरलांकिग कार्य माप 55X3मी०	2.75	5500	22000	500	3 माह
2	ग्राम पंचायत पटटीबेरीसाल में राधिका लाल पटेल के लिंक मार्ग काली सड़क से पहाड़ीपूर तक इण्टरलांकिग कार्य माप- 100X3 मी0	5.41	10820	43280	500	3 माह
3	ग्राम वारी में संगम लाल के घर से अशोक के घर तक इण्टरलांकिग कार्य माप - 45X2.50मी0	2.9	5800	23200	500	3 माह
4	ग्राम सरायलाहुरपुर काली रोड से छोटे लाल यादव के घर तक इण्टरलांकिग कार्य माप 100X3 मी0	5.41	10820	43280	500	3 माह
5	ग्राम बरईपुर काली सड़क से किशोरी लाल यादव मास्टर साहब के घर तक इण्टरलांकिग कार्य माप 55X3मी0	2.75	5500	22000	500	3 माह
6	ग्राम मण्डौर में त्रिवेणी हरिजन के घर से उद्देश्य के घर तक इण्टरलांकिग कार्य माप 100X3 मी0	5.41	10820	43280	500	3 माह
7	विकास खण्ड कार्यालय के प० दिशा में अवशेष बाउण्ड्रीवाल एवं मिटिंग हाल द्वितीय में दिवालों पर टाइल्स व स०वि०अ० (पं०) कक्ष के पीछे मलवे की साफ-सफाई का कार्य	3.4	6800	27200	500	3 माह
8	ग्राम पंचायत पालीकरनपुर में हरिश्चन्द्र के घर से राजमणि यादव के घर तक इण्टरलांकिग कार्य । माप 110X3 मी0	5.41	10820	43280	500	3 माह
9	ग्राम पंचायत मण्डौर में खेल मैदान कैम्पस में ओपेनजिम अधिष्ठापन कार्य	3.19	6380	25520	500	3 माह
10	ग्राम चकिया हिनौता में राम प्रवेश बिन्द के घर से रामबली के घर तक इण्टरलांकिग कार्य माप 100x3मी0	5.41	10820	43280	500	3 माह
11	ग्राम पंचायत - सरायलाहुरपुर में साधन सहकारी समिति की मरम्मत सौन्दीयकरण	3.5	7000	28000	500	3 माह
12	सहसों में संजीव केसरवानी के घर से पप्पू राइन के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य माप 30x350मी0	5.18	10360.00	41440.00	500	3 माह
13	ग्राम रामनाथपुर में जी०टी० रोड से रामचन्द्र यादव के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य माप 100x3 मी0	5.41	10820.00	43280.00	500	3 माह
14	ग्राम मीरापुर में मेन खण्डजा से मो० चाँदशाह के घर से इण्टरलाकिंग कार्य माप 138x3.00मी0	6.66	13320.00	53280.00	500	3 माह
15	ग्राम धरहरा चकिया में संजय पाण्डेय के घर से प्रमोद कुमार पाण्डेय के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य माप- 100X3 मी0	5.41	10820.00	43280.00	500	3 माह
16	ग्राम महरौड़ा काली रोड से महरानीदीन पटेल के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य माप- 100x3 मी०	5.03	10060.00	40240.00	500	3 माह
17	ग्राम सीहीपुर में सोनू के घर से लालजी के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य माप 135X3मी0	6.84	13680.00	54720.00	500	3 माह
18	ग्राम पंचायत बलरामपुर में जय प्रकाश कुशवाहा के घर से तालाब तक इण्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण कार्य माप 100x2.50मी0 व 7500.30मी	7.66	15320.00	61280.00	500	3 माह
19	ग्राम पंचायत कैथवल में पक्की सड़क से ट्यूबेल तक नाली निर्माण कार्य माप - 50X0.45X.045	1.66	3320.00	13280.00	500	3 माह
20	ग्राम पंचायत मुरारपटटी में सन्तोष साहू के घर से लाला तेली के घर के सामने नाली निर्माण कार्य माप 100x0.60	4.22	8440.00	33760.00	500	3 माह
21	Xx060 मी० ग्राम पंचायत सरायरहिया में तुलसी राम विश्वकर्मा के घर बदरूददीनपूर वार्ड तक नाली निर्माण कार्य माप- 10000. 23X.045 मी०	3.41	6820.00	27280.00	500	3 माह
22	ग्राम पंचायत बजहां दौलतपुर में राजेन्द्र कुमार जायसवाल के घर से पारसनाथ के घर तक नाली निर्माण कार्य । माप 100X0.45X.045 मी0	3.36	6720.00	26880.00	500	3 माह
23	ग्राम पंचायत कसेरुआ खुर्द में जय सिंह यादव के घर के सामने से कोतारी नाले तक अण्डरग्राउण्ड नाली निर्माण कार्य माप-90x300मी0	2.04	4080.00	16330.00	500	3 माह
24	ग्राम पंचायत जैतपुर में बुदुल यादव के घर से रामचन्द्र के घर तक इण्टरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य माप 100x3. 50 मी०	7.03	14060.00	56240,00	500	3 माह
25	ग्राम पंचायत रमईपुर में उमाशंकर यादव के घर से चन्द्रमान के दरवाजे से रामराज के घर तक इण्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण कार्य माप 100X3.00 मी०	5.81	11620.00	46480.00	500	3 माह
26	जैतपुर में गंगाराम के घर से केशव मौर्या के घर होते हुए मूलचन्द्र प्रजापति के घर तक नाली निर्माण कार्य माप-200x0.23 X.030 मी०	4.7	9400.00	37600.00	500	3 माह
27	यरना में उदल की दुकान से राजू प्रजापति के घर तक नाली निर्माण कार्य माप-200x0.23.030 मी0	5.69	11380.00	45520.00	500	3 माह
28	ग्राम पंचायत चकिया हिनीता में भल्लू यादव के घर से नरेन्द्र कुशवाहा के घर तक नाली निर्माण कार्य माप 150X0.45X.45 मी0 +0.55मी0	5.79	11580.00	46320.00	500	3 माह
29	ग्राम पंचायत सुदनीपुरखुर्द में फूलचन्द्र हरिजन के घर से मोती लाल के घर तक नाली निर्माण कार्य	3.41	6820.00	27280.00	500	3 माह
30	ग्राम पंचायत कटियारी चकिया में भानू यादव के घर से शम्भू यादव के घर तक नाली निर्माण कार्य	3.41	6820.00	27280.00	500	3 माह

प्रमुख
क्षेत्र पंचायत-बहादुरपुर, प्रयागराज

पत्रांक / आंकिक /पंचम वित्त आठ–पन्द्रहवाँ वित्त आ०/2023–24
दिनांक 14.08.23

खण्ड विकास अधिकारी
क्षेत्र पंचायत-बहादुरपुर, प्रयागराज

पुण्यतिथि पर याद किए गए अटल बिहारी बाजपेई

सहसों। भाजपा कार्यालय सहसों में एक बैठक के माध्यम से बुधवार को कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की पांचवी पुण्यतिथि पर याद करते हुए उनको नमन किया। बैठक में उपस्थित मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार एवं भूमि विकास बैंक फूलपुर अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री को याद कर नमन किया। और उन्होंने कहा कि विश्व विख्यात भारत रत्न से सम्मानित प्रखर वक्ता एवं राजनीति के पुरोधा रहे स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई को आज पूरा देश याद करते हुए नमन कर रहा है। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री के जीवन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा गंगापार अमरनाथ तिवारी, प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र सिंह पटेल, प्रमुख सहसों गीता सिंह, प्रमुख बहादुरपुर डब्बू यादव एवं भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह ने भी बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री को याद कर शत-शत नमन किया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार सरोज ने किया। मौके पर प्रमुख रूप से जय प्रकाश द्विवेदी, राजधर द्विवेदी, चन्द्रेश केसरवानी,अमन सिंह राजपूत, संतोष सिंह, महेश पटेल, राजेश सरोज, राजेश यादव, प्रमोद शुक्ला, रंजना सिंह परिहार, अंकित राज सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

जननी और जनम भूमि स्वर्ग से भी बढ़कर

करछना। क्षेत्र के रामपुर स्थित बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से मंच पर खूब समां बांधी। प्रधानाचार्य मनीष तिवारी द्वारा ध्वजारोहण के उपरांत गाजे बाजे के साथ भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। मंच पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ वाणी वंदना के साथ हुआ इसके उपरांत मंच पर पहुंचे अतिथि कवि डॉ वीरेंद्र कुसुमाकर ने, जननी और जन्मभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है इसके लिए तो कुर्बान होना चाहिए,जैसी काव्य प्रस्तुति में देश के प्रति समर्पण की भावना जागृत की। संगीत शिक्षिका मोहिनी श्रीवास्तव और मालती शर्मा के निर्देशन में विद्यालय की छात्रा खुशी और सखियों ने माटी के गीतों का रंग उकरते हुए खूब तालियां बटोरी।राज शर्मा द्वारा प्रस्तुत शिव तांडव के अलावा मौसम के गीतों में देश प्रेम का रंग भरते विद्यालय के बच्चों ने खूब वाहवाही लूटी। अपने देशवा कै माटी अनमोल बा,और हमार देशवा सोने कै चिरैया जैसे गीतों पर श्रद्धा और सुभाष विश्वकर्मा ने जमकर तालियां बटोरी।हर्ष प्रताप सिंह ने हिंदी भाषण प्रस्तुत करते हुए आजादी के नायक अमर शहीदों को नमन किया।प्रवक्ता जगतपाल और मोहम्मद परवेज सिद्दीकी द्वारा शासन और विभागीय संदेश प्रस्तुत कर बच्चों में जागृति पैदा की गई,तो वहीं बच्चों ने नाटक,लोक नृत्य और गीतों द्वारा खूब समां बांधी।लोक कलाकार रामबाबू यादव और साथियों द्वारा प्रस्तुत गीत,ई तिरंगा हमरे देशवा के शान मितवा, पर सभी झूम उठे।प्रधानाचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह आजादी अनमोल है।अपने अमर शहीदों के अरमान को जीवंत करने के लिए हम सब को एक नए संकल्प के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। उन्होंने मंच पर कवि,कलाकारों और अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिता के स्थान प्राप्त बच्चों को सम्मानित किया।एनसीसी अधिकारी रमेश चन्द्र तिवारी ने सभी के प्रति स्वागत आभार प्रकट किया। संचालन कवि अशोक बेशरम ने किया। मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर प्रवक्ता जितेंद्र कुमार, सुरेश कुमार, चंद्रशेखर सिंह, सुधा सिंह, विजय सिंह, विश्वेश ओझा, कंचन पांडेय, कमला शंकर त्रिपाठी, जेपी यादव, राजकुमार विश्वकर्मा ,विमला देवी,जीतेंद्र समेत शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद रहे।

झंडारोहण के पश्चात बच्चों ने बिखेरे जलवे

सहसों। स्वतंत्रता दिवस को बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाते हुए क्षेत्र के राजाराम तिवारी पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं महर्षि शांडिल्य पब्लिक स्कूल गुलालपुर के संयुक्त रुप से विद्यालय के प्रांगण में बड़े ही तनमयता एवं हर्षोल्लास के साथ प्रधानाचार्य शिव प्रकाश तिवारी ने झंडारोहण कर तिरंगे को प्रणाम करते हुए बच्चों के साथ राष्ट्रगान गए। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण से प्रभात फेरी निकाली गई जो विद्यालय प्रांगण से प्रारंभ होकर बुद्धेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर वापस विद्यालय में विराम हुआ। तत्पश्चात बच्चों द्वारा विविध रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक नृत्य, लोक गीत, राष्ट्रीय गीत एवं मनोहारी नाट्य कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए सभी का मन मोहते हुए सुंदर जलवे बिखेरे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ सूर्य नारायण तिवारी ने नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं को देश के वीर सपूतों, वीरांगनाओं एवं बलिदानियों तथा क्रांतिकारी के अतीत को बताते हुए उनके जीवन एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य शिव प्रकाश तिवारी ने भारत भूमि की स्वतंत्रता में शामिल वीर बलिदानियों, क्रांतिकारियों, वीरांगनाओं एवं महापुरुषों तथा आजादी व स्वतंत्रता संग्राम के नायकों के जीवन गाथा को विस्तृत रूप से बताते हुए याद कर शत-शत नमन किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक रमेश कुमार द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर कृष्णा तिवारी निर्देशक महर्षि शांडिल्य पब्लिक स्कूल, कमलाकांत शुक्ला, राजेश मिश्र, प्रमोद नारायण मिश्र, मूलचंद जी आदि ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त कर्मचारी क्षेत्रीय गणमान्य व्यक्तियों एवं अभिभावक बंधु उपस्थित रहे। इसी प्रकार सघन विकास क्षेत्र समिति खादी भंडार सहसों, छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों, कार्यालय खण्ड विकास सहसों, नवयुवक ब्राम्हण समाज कार्यालय गारापुर, भारतीय डाकघर कार्यालय सहसों, भरद्वाज गुरुकुलम संस्थान रुदापुर देवनहरी सहित क्षेत्र के तमाम विद्यालयों, संस्थाओं एवं कार्यालय में झंडारोहण कर तिरंगे को प्रणाम करते हुए वीर सपूतों को याद कर नमन किया गया।

मण्डलायुक्त ने आईजीआरएस से सम्बंधित शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किए जाने के दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश

मण्डलीय समीक्षा बैठक

प्रयागराज। मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में गुरूवार को आईजीआरएस, विकास प्राथमिकता कार्यों की मण्डलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मण्डलायुक्त ने आईजीआरएस पोर्टल की शिकायतों के निस्तारण एवं उसकी गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समयसीमा में अनिवार्य रूप से किया जाये। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता को सुनवाई का अवसर अवश्य दिया जाये साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि जमीन सम्बंधी शिकायतों के निस्तारण में नजरी नक्सा अवश्य रहे। मण्डलायुक्त ने कहा कि शिकायत के निस्तारण से शिकायतकर्ता को अवगत भी करा दिया जाये। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समयसीमा के बाद नहीं होना चाहिए। मण्डलायुक्त ने कहा कि आईजीआरएस के लिए विभागों के बनाये गये सभी नोडल अधिकारी पोर्टल पर हर दिन नजर रखे। उन्होंने जल निगम से सम्बंधित आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में अत्यधिक असंतोष जनक फीडबैक पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए है। मण्डलायुक्त ने कहा कि यदि कोई शिकायत किसी विभाग/ अधिकारी से सम्बंधित नहीं है, तो उस शिकायत को तत्काल सम्बंधित अधिकारी के पास प्रेषित कर दिया जाये, जिससे कि शिकायतों का निस्तारण समय सीमा में हो सके। मण्डलायुक्त ने रियल टाइम खतौनी, अंश निर्धारण एवं घरौंदी वितरण के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को इस कार्य में तेजी लाये जाने के निर्देश दिए है। मण्डलायुक्त ने ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी से सम्बंधित निवेशकों की धारा-80सी में कंवर्जन एवं अन्य विषयों से सम्बंधित लम्बित अनापत्ति से सम्बंधित आवेदनों को शीघ्रता से निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने सभी जनपदों के जिलाधिकारियों को निवेशकों/ उद्यमियों के साथ बातचीत करते रहने व उनकी समस्याओं का शीर्ष प्राथमिकता पर समाधान सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है। मण्डलायुक्त ने राष्ट्रीय तथा राज्य मार्ग हेतु भूमि अधिग्रहण सहित अन्य कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए अधिकारियों से बैनामा, भूस्वामियों के भुगतान आदि के लम्बित प्रकरणों को प्राथमिकता पर लेते हुए उनका निराकरण शीघ्रता से सुनिश्चित किया जाये, जिससे कि राष्ट्रीय तथा राज्य मार्ग के निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत पूरा कराया जा सके। मण्डलायुक्त ने डीजल एवं पेट्रोल पम्पों की स्थापना सम्बंधी अनापत्ति प्रमाण के निर्गत किए जाने के लम्बित प्रकरणों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सभी जनपदों में लम्बित प्रकरणों पर नियमानुसार त्वरित कार्यवाही करते हुए अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करें। जनपद फतेहपुर में कुछ मामले 2019 से लम्बित होने पर नाराजगी जताते हुए मण्डलायुक्त ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी किए जाने के लिए कहा है। मण्डलायुक्त ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए जनपद फतेहपुर एवं कौशाम्बी की प्रगति कम पाये जाने पर निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने प्रयागराज जनपद में डिजिटल मार्केट बनाये जाने के लिए कुछ स्थानों को चिन्हित करने के लिए कहा है, जहां पर मार्केट के प्रवेश होने के स्थान पर साइनेज लगा हो, जिसमें यह लिखा हो, कि यहां पर पूरे मार्केट में डिजिटल तरीके से ट्रांजेक्शन की सुविधा उपलब्ध है।मण्डलायुक्त ने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने हर घर जल योजना के अन्तर्गत पाईप लाइन बिछाने, कनेक्शन दिए जाने, ओवर हेड टैंक के निर्माण, पम्प लगाने सम्बंधी कार्यों में तेजी लाये जाने का निर्देश कार्यदायी संस्था को दिया है। उन्होंने कौशाम्बी में ओवर हेड टैंक बनाये जाने के कार्य की प्रगति धीमी पाये जाने पर नाराजगी जतायी। कार्यदायी संस्था को कर्मियों की संख्या बढ़ाकर कार्य को शीघ्रता से पूरा कराये जाने के लिए कहा है साथ ही जल जीवन मिशन-4 के अन्तर्गत सतही पेयजल योजना की समीक्षा करते हुए कार्यों में तेजी लाये जाने के लिए कहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की प्रगति की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने पात्र लोगो समय से किश्त जारी करने के लिए कहा है तथा जिलाधिकारियों को इसकी मानीटरिंग करते रहने के निर्देश दिए है। कौशल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा में उन्होंने वास्तवित लक्ष्य के सापेक्ष प्रशिक्षण हेतु पंजीकृत प्रशिक्षार्थियों की संख्या कम पाये जाने पर प्रशिक्षार्थियों की संख्या को बढ़ाये जाने के लिए कहा है।

शहीद चंद्रशेखर आजाद स्मारक समिति नैनी की तरफ से विशाल तिरंगा यात्रा निकाला गया

नैनी। नैनी पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी शहीद चंद्रशेखर आजाद स्मारक समिति नैनी की तरफ से विशाल तिरंगा यात्रा शिर्डी साई इलेक्ट्रिकल लिमिटेड नैनी के गेट नंबर 3 से मुख्यातिथि उपजिलाधिकारी करछना राजेश श्रीवास्तव और अरुण यादव (कारखाना प्रबंधक) ने हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया,यात्रा में शामिल रथ,डी.जे के साथ नाचते गाते लोगो का जगह जगह पुष्पवर्षा और जलपान कराकर व्यापारियों ने स्वागत किया , ए डी ए मोड़ पर वीरेंद्र जायसवाल, सरगम तिराहे पर ज्योति यादव की तरफ से नैनी बाजार तिवारी जी जलपान की व्यवस्था और पाण्डेय मेडिकल की ओर से पुष्पवर्षा की व्यवस्था की गई तिरंगा यात्रा मेवालाल की बगिया काटन मिल तिराहा, शंकढाल से नैनी बाजार होते हुए प्रश्थान स्थान शिर्डी साई इलेक्ट्रिकल लिमिटेड नैनी गेट पर प्रसाद वितरण के साथ समाप्त हुई,तिरंगा यात्रा में व्यापार मंडल अध्यक्ष व पार्षद राकेश जायसवाल,भाजपा महिला मोर्चा की यमुनानगर जिलाउपाध्यक्ष सविता शर्मा, पार्षद पवन यादव (सोनू) विशेष योगदान रहा सुनील पाण्डेय,सुधीर पाण्डेय,विपिन पाण्डेय,कृष्णा पाण्डेय,गोलू ठाकुर,बच्चा गुप्ता,गुड्डू गुडविल,बबलू तिवारी,सौम्या पाण्डेय ,अतुल ठाकुर,दिलीप शुक्ला, राकेश यादव,उत्तम पाण्डेय, के अलावा क्षेत्रीय सैकड़ो जन शामिल रहे,अंत मे समिति के संस्थापक अध्यक्ष मुन्ना आजाद ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

एसपीओ टीम की तरफ से नैनी में राष्ट्रीय ध्वज के साथ रैली निकाली गई, विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया 77 वें स्वतंत्रता दिवस का पर्व

नैनी। नैनी में 77 वां स्वतंत्रता दिवस हर्ष उल्लास के साथ जनपद भर में मनाया जा रहा है।आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत हर घर तिरंगा और मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत आज विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र की टीम की ओर से कार्यालय पर झंडारोहण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कोतवाली थाना नैनी के क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर साजिद अली ने ध्वजारोहण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तथा आजादी के इस महापर्व में एसपीओ टीम की तरफ से नैनी में राष्ट्रीय ध्वज के साथ रैली निकाली गई। इस बीच एसपीओ पुलिस मित्र प्रभारी अभय राज सिंह तथा उप प्रभारी परवेज अहमद ने सभी को संबोधित करते हुए रैली को संपूर्ण ढंग से संपन्न कराया तथा सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस खास मौके पर जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली, थाना कमेटी प्रभारी रवि मिश्रा, संगठन सचिव रविंद्र सिंह, मीडिया प्रभारी वीरेंद्र पटेल, सीनियर एरिया इंचार्ज रामजी जायसवाल, एरिया इंचार्ज समीर खान तथा विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ टीम के सभी अधिकारीगण व सदस्यगण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर आजादी के इस अमृत महोत्सव का पर्व धूमधाम से मनाया।

आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा इफको : संजय कुदेशिया

अखंड भारत संदेश

इफको में स्वतंत्रता दिवस मनाते इफको के अधिकारी व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

फूलपुर। इफको फूलपुर ईकाई में 77वें स्वतंत्रता दिवस पर वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया ने ध्वजारोहण किया। मुख्य सुरक्षा अधिकारी कर्नल दिनेश सिंह के नेतृत्व में इफको सुरक्षा गार्डो एवं पी.ए.सी बैण्ड ने मार्च पास्ट किया। पी.ए.सी बैण्ड द्वारा देशभक्ति की धुनों पर मनोहर प्रस्तुति दी जिसका नेतृत्व हवलदार केसर सिंह ने किया। कर्मचारियों व अधिकारियों को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया ने अपने संदेश में कहा कि 200 वर्षों के संघर्षों के उपरांत हमें आजादी मिली।हम स्वतंत्रता सेनानियों को याद एवं नमन करते है,जिनके बलिदानों के कारण हमें स्वतंत्रता मिली है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1967 में 57 भारतीय सहकारी समितियों ने मिलकर इफको का गठन किया। इफको दुनिया की शीर्ष 300 सहकारी संस्थाओं में प्रथम स्थान पर है जो हमारे लिए गौरव की बात है। कहा कि इफको प्रधानमंत्री के सहकार से समृद्धि, आत्मनिर्भर भारत एवं आत्मनिर्भर कृषि को पूरा करने के प्रति संकल्पित है। इफको ने कृषि का नवीनतम अनुसंधान नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी के नेतृत्व में विकसित किया है। नैनो यूरिया पर्यावरण हितैषी है इससे लगात में कमी आएगी, जिसका सीधा लाभ किसानों को होगा। ड्रोन तकनीकी से झिड़काव का आधा खर्च इफको एवं सहकारिता मंत्रालय मिलकर करेगा, जिसकी रूप रेखा तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि आज भी देश की उर्वरक जरूरतों को पूरा करने के लिए 25 प्रतिशत उर्वरक आयात किया जाता है, नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी, उर्वरक आयात को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर ओम बाल विद्या मंदिर व केन्द्रीय विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम का संचालन रेखा मिश्रा ने किया।महिला चेतना क्लब की अध्यक्षा विनीता कुदेशिया व अन्य महिला सदस्यों द्वारा आनंद मेले का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न व्यंजन-पकवान आदि की व्यवस्था की गई थी। जिसका इकाई प्रमुख,अन्य गणमान्य जन एवं घियानगर परिवार के सदस्यों ने आनंद लिया। इस दौरान संयुक्त महाप्रबंधक संजय वैश्य, ए.पी. राजेन्द्रन, पी.के. सिंह, पी.के.पटेल, रत्नेश कुमार, अरूण कुमार, एस.के.सिंह, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सोनू तिवारी व महामंत्री स्वयं प्रकाश,इफको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विनय यादव,कार्डेट प्राचार्य राजेन्द्र यादव, इफको कार्डेट के सौजन्य पहली बार देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग 60 किसान एवं बड़ी संख्या में इफको परिवार के लोग स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपस्थित रहे।

झूंसी में उल्लास के साथ मनाया गया आजादी का जश्न

अखंड भारत संदेश

झूंसी। आजादी का महापर्व क्षेत्र में उल्लास के साथ मनाया गया। माता कलावती कालेज आफ स्पेशल एजुकेशन में दिव्यांग बच्चो ने देश भक्ति कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। चेयरमैन गोपेश तिवारी ने ध्वजारोहण किया। एमपी बिरला शिक्षा भवन में प्रबन्धक नीलिमा वर्मा व प्रधानाचार्य रीता पांडेय ने ध्वजारोहण किया। सरोज विद्या शंकर इंटर कालेज में मुख्य अतिथि मृत्युंजय शुक्ला, प्रबंधक डॉ. दुर्गा प्रसाद मणि त्रिपाठी, डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी, प्रधानाचार्य प्रमोद त्रिपाठी ने तिरंगे को सलामी दी। टीपी मेमोरियल एवं अभिज्ञान एकेडमी में प्रबंधक भाजपा नेता लक्ष्मीकांत उपाध्याय ने तिरंगा फहराया। सेंट्रल एकेडमी स्कूल में बच्चो ने उत्साह पूर्वक आजादी का पर्व मनाया। न्यू टाउन हॉल स्कूल एंड कालेज में डायरेक्टर रोमिला रस्तोगी ने ध्वजारोहण किया। न्यू आरएसजे स्कूल में बच्चो ने देश भक्ति कार्यक्रमो की प्रस्तुति देकर लोगो को भावविभार कर दिया। एमआरएस स्कूल एंड कालेज के प्रबंधक अरविंद सिंह ने तिरंगा फहराया। ब्लाक प्रमुख अरुणेंद्र यादव उर्फ डब्बू ने बहादुरपुर विकास खंड में ध्वजारोहण कर सलामी दी। न्याय नगर पब्लिक स्कूल में प्रबंधक के साथ प्रधानाचार्य ने ध्वजारोहण किया। महेंद्र प्रताप सिंह ला कालेज में उत्साह पूर्वक आजादी का पर्व मनाया गया। पार्षद शिवनारायण यादव घुंनु, अनिल यादव ने अपने कार्यालय में ध्वजारोहण किया। आशीर्वाद हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉ. अभिमन्यु यादव व विमला नार्सिगहोम के प्रबंधक डॉ. चंद्रजीत यादव ध्वजारोहण किया। बजाह में प्रधान सरोज सिंह व राजेश सिंह ने तिरंगा फहराया। जेपी मेमोरिले हॉस्पिटल में डॉ विपिन सिंह ने ध्वजारोहण किया। झूंसी थाने पर इंस्पेक्टर वैभव सिंह ने ध्वजारोहण किया साथ मे सभी एसआई व सिपाहियों ने राष्ट्र ध्वज को सलामी दी।

शान से फहराया गया तिरंगा : स्वतंत्रता दिवस पर प्रयागराज के झूँसी स्थित सामाजिक संस्था मदद फाउंडेशन के राष्ट्रीय कार्यालय पर तिरंगा फहराया गया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मदद फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवम संस्थापक मंगला प्रसाद तिवारी, विशिष्ट अतिथि संदीप त्रिवेदी (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष) शामिल हुए, दोनों अतिथियों ने सर्वप्रथम झंडारोहण किया तत्पश्चात मां भारती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया। मंगला प्रसाद तिवारी ने अपने संबोधन में देश के प्रति नैतिक दायित्वों की शिक्षा दी, साथ ही कर्तव्य और फर्ज का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि मदद फाउंडेशन संस्था का लक्ष्य है कि वह समाज के प्रत्येक जरूरतमंद तक पहुंचे और यथासंभव उनकी मदद करें। मदद फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संदीप त्रिवेदी ने अपने संबोधन से कार्यालय में उपस्थित टीम को न सिर्फ अनुशासन का पाठ पढ़ाया, बल्कि आजादी के महानायकों को नमन कर शहीदों को अपनी श्रद्धांजली भी दी। इससे पहले राष्ट्रगान और भारत माता का जयकारे के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर मदद फाउंडेशन की राष्ट्रीय महासचिव अमृता तिवारी ने भी लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम में मदद फाउंडेशन के दर्जनों कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता दिवस पर हिन्दू राष्ट्र की उठी मांग : स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झूंसी उस्तापुर महमूदाबाद, पुरानी पाठशाला के पास छतनाग रोड स्थित स्वामी भजनानंद मृत्युंजय धाम आश्रम में झंडारोहण कर स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। आश्रम के महंत स्वामी श्यामा नंद सरस्वती महंत भजनानंद आश्रम, मृत्युंजय धाम ने अपने संबोधन में देशवासियों को एक सूत्र में भी पिरोए रखने की बात कही इस मौके पर दर्जनों महात्मागण एवम भक्त उपस्थित रहे।

न्यूज झरोखा

स्वतंत्रता दिवस पर शहीदों के नाम पौधे लगाकर किया गया प्रयागराज के शहीदों को नमन

प्रयागराज। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्वयंसेवी संस्था पारस फाउंडेशन के तत्वाधान में करेलाबाग स्थित सुब्बन घाट पर प्रयागराज के अमर शहीदों नाम पर एक एक पौधे लगाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। जिसमे चंद्रशेखर आजाद, रमेश दत्त मालवीय, द्वारिका प्रसाद, अब्दुल मजीद, मुरारी मोहन, कारगिल शहीद लालमणि यादव, लाल पद्मधर, सोहन लाल, त्रिलोकी नाथ कपूर, महावीर समेत सुभाष चंद्र बोस एवम भगत सिंह जी के नाम से फूल एवं फल के पौधारोपण किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुभाष तिवारी, मधुमिता नाथ, अरुण निषाद , आशीष कुशवाहा, रंजीत निषाद, आभा साहू, किरन कपूर, ज्योति, सोनी ,आरती, गीता गुप्ता, शुभेंद्र पांडेय, प्रबंधक दीप द्विवेदी समेत अन्य स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

सरकारी संस्थानों में धूमधाम के साथ संपन्न हुआ ध्वजारोहण

करछना। तहसील क्षेत्र के सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कर धूमधाम से आजादी महोत्सव कार्यक्रम मनाया गया तहसील करछना में एसडीएम करछना थाना परिसर में थाना प्रभारी एवं विकासखंड कार्यालय में खंड विकास अधिकारी विद्युत सब स्टेशन पर अवर अभियंता अभियंता एवं नवजीवन पब्लिक स्कूल एस एल बी इंटर कॉलेज चनैनी करछना के प्रबंधक निर्मल कुमार सिंह ने ध्वजारोहण किया और छात्रों में मिष्ठान वितरण किया इसी तरीके ग्राम पंचायत कचरी, प्रकाश पब्लिक स्कूल डीहा सहित क्षेत्र के दर्जनों सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों में बड़े धूमधाम के साथ स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहणकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आजादी अमृत महोत्सव का जश्न मनाया।

बरांव में अमृत सरोवर पर प्रधान बजरंगी ने किया झंडारोहण

करछना। स्वतंत्रता दिवस पर ग्राम पंचायत बरांव में प्रधान ने अमृत सरोवर पर झंडा रोहण कर उपस्थित लोगों को मिष्ठान वितरण किया इस मौके पर गांव रोजगार सेवक एवं सहायक पंचायत सचिव सहित कयी गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

खजुरी प्राथमिक विद्यालय पर प्रधान ने किया ध्वजारोहण : विकासखंड करछना के अंतर्गत ग्राम पंचायत खजुरी में प्राथमिक विद्यालय पर स्वतंत्रता दिवस के मौके पर स्कूली बच्चों के साथ प्रधान परमानंद मौर्य एवं प्रधानाचार्य एवं विद्यालय के स्टाफ की मौजूदगी में ध्वजारोहण कर बच्चों को मिष्ठान वितरण किया

करछना पंचायत सचिवालय पर हुआ झंडारोहण : विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत करछना में बने नवनिर्मित पंचायत सचिवालय भवन पर स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रधान आकृति आकृति सिंह पत्नी अवतार किशन सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में करछना गांव के कई गणमान्य लोगों की मौजूदगी में झंडारोहण कार्य धूमधाम के साथ संपन्न हुआ इस मौके पर नारायण मिश्रा विनोद कुमार काका राकेश सिंह सहित बड़ी संख्या में गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

डिप्टी सी एम ने सुधांशु मिश्रा को किया सम्मानित

जसरा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रयागराज पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ,जिलाधिकारी प्रयागराज सामाजसेवियो एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानित कर रहे थे उसी कड़ी में यमुनापार का नाम रोशन करने वाले बारा विधानसभा के जसरा युवक मंगल दल के अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा को डिप्टी सीएम नें सम्मानित करते हुए क्षेत्र में खेल जगत को बढ़ावा देने के लिये कुछ खेल सामग्री पुरस्कार स्वरुप दिए, युवा कल्याण विभाग के अधिकारी, राहुल मौर्य व बड़े बाबू संजय श्रीवास्तव नें सुधांशु मिश्रा को शुभकामनायें दी व दल से जुड़कर आगे भी सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने कि बात कही।

कैंब्रिज हाईस्कूल में पूरे उत्साह के साथ मना आजादी का जश्न

शंकरगढ़। कैंब्रिज हाईस्कूल एंड कॉलेज शंकरगढ़ में आजादी का जश्न पूरे जोश के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण के साथ आजादी के अमृत महोत्सव पर देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी ने ध्वजारोहण किया। स्वतंत्रता दिवस की शुभकामना देते हुए संतोष त्रिपाठी ने देश की आजादी में शहीद हुए स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देकर के उनके त्याग को याद किया और कहा कि हमारा पूरा मानव समाज जब तक नैतिक रूप से राष्ट्र को संचालन करने के लिए उत्तरदाई नहीं होगा, तब तक सही ढंग से राष्ट्र का निर्माण होना संभव नहीं है। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष रामचंद्र त्रिपाठी, प्रशासनिक अधिकारी बालेंद्र पांडेय, सामाजिक सेवक सोमनाथ वर्मा, रोहित केसरवानी, अमित चतुर्वेदी, अंकित, अध्यापक मणिशंकर दुबे, सौरभ प्रकाश, धर्मराज कुशवाहा, मनोज तिवारी, पंकज मिश्र, पंकज श्रीवास्तव, दीपक केसरवानी, सुधीर नारंग, राजेश कुमार, अनुज पांडेय, रीना गोस्वामी, रेखा सिंह, रितु सुसारी, स्मिता, मधु केसरवानी, मीरा श्रीवास्तव, प्रीति सेन, वंदना शुक्ला, ऊषा सिंह मौजूद रहीं।

लालापुर क्षेत्र के कालेजों में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

अखंड भारत संदेश

लालापुर। क्षेत्र के श्री हरिशंकर पाण्डेय इण्टर कॉलेज,लालापुर में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस गत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी हरिशंकर पाण्डेय इण्टर कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया।इस वर्ष आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम 10 अगस्त से ही प्रारंभ कर दिये गये,जिसके अंतर्गत सर्वप्रथम 10 अगस्त को बच्चों को "मेरी माटी मेरा देश" गायन के साथ प्रभात फेरी निकाली गई।खेलकूद ,राष्ट्रभक्ति के गीत ,निबंध लेखन इत्यादि का कार्यक्रम ग्यारह से चौदह अगस्त तक कराये गये। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य कार्यक्रम विद्यालय से लालापुर पंचपुरुवा में प्रभात फेरी के साथ हुआ।तत्पश्चात विद्यालय के प्रबंधक करुणा निधान पाण्डेय जी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। मनभावन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक लंबी श्रृंखला जो विद्यालय की सदा से विशिष्टता है ,सायं चार बजे तक चलते रहे।अंत में विद्यालय के उप प्रबंधक सूर्यनिधान पाण्डेय,पूर्व प्रधानाचार्य मथुरा प्रसाद पाण्डेय,प्रधान लिपिक चंद्रानिधान पाण्डेय ने बच्चों को स्वतंत्रतादिवस के महत्व और शहीदों की कुबार्नी के विषय में बच्चों को अवगत कराया।सभा को नरेंद्र मणि त्रिपाठी पूर्वशिक्षक, गंगेन्द्र त्रिपाठी आदि ने भी सम्बोधित किया।अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य सुभाष चंद पाण्डेय जी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन विकास पाण्डेय प्रवक्ता संस्कृत) ने किया। सभा में आनन्द शुक्ल, प्रवक्ता अर्थशास्त्र, नीलेश राय, एवं सभी अध्यापक, क्षेत्र के गणमान्य, समाजसेवी, प्रबुद्ध नागरिक ,पत्रकारगण,विद्यालय के एवं अन्याय विद्यालयों के छात्र, छात्राएं उपस्थित रहे। इस प्रकार आजादी के अमृत महोत्सव का शानदार समापन हुआ। वही दूसरी ओर मां शिवकुमारी इंटरमीडिएट कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया आजादी के महोत्सव पर बच्चों ने गीत भी प्रस्तुति की। जिसमें मुख्य अतिथि सीनियर सब इंस्पेक्टर चंद्रिका प्रसाद यादव, सब इंस्पेक्टर रणजीत सिंह विशिष्ट अतिथि श्री परमानंद शुक्ला, श्री कल्याणचन्द्र द्विवेदी अभिषेक कुमार शुक्ला, देवेंद्र उपाध्याय प्रधान अमिलिया, वरिष्ठ पत्रकार और दीपचंद शुक्ला, पी सी पांडे, हरिकांत शुक्ला, नागेश शुक्ला प्रधानाचार्य ,सुमेश शुक्ला,सीलू चतुर्वेदी, श्यामबाबू सिंह पटेल , अमितेंद्र कुमार शुक्ला, सुग्गनलाल द्विवेदी, चन्द्रशेखर यादव, विनय त्रिपाठी, मनोज कुमार, श्री दुर्गेश शुक्ला, सानू शुक्ला ,राम सनेही सिंह, आशीष पाण्डेय, अरुण पाण्डेय, अंशू द्विवेदी, अनीश शुक्ला, हिमांशु त्रिपाठी, विजय कान्त भार्गव, मुकेश पाठक, राजदीप चतुर्वेदी, शैलेन्द्र चतुर्वेदी, अतुल पांडे, राममोहन यादव,पुनीत मिश्रा, श्यामबाबू सिंह पटेल , अमित प्रजापति, प्रमोद वर्मा, शौनक पाण्डेय,आदि रहे।

गांव-गांव शान से लहराया तिरंगा, बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी

शंकरगढ़। स्वाधीनता का पर्व जिला मुख्यालय सहित ग्रामीणांचल में स्थित सभी सरकारी, गैर सरकारी, शैक्षिक संस्थानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में मनाया गया। स्थानीय प्रमुखों व अतिथियों के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। आजादी के दीवानों को याद करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। 15 अगस्त के मौके पर यमुनापार के शंकरगढ़ समेत तमाम इलाकों में ध्वजारोहण के बाद धूमधाम के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी बारा प्लांट में प्रबंधक अमिताभ अग्रवाल व संजय सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। वन रेंज कार्यालय में रेंजर अजय कुमार ने ध्वजारोहण किया। विकास खंड मुख्यालय शंकरगढ़ में खंड विकास अधिकारी रामविलास रॉय की अगुवाई में ध्वजारोहण किया गया। इसी तरह शंकरगढ़ थाना परिसर में एसओ मनोज कुमार सिंह ने ध्वजारोहण किया। विद्युत सब स्टेशन शंकरगढ़ में एसडीओ विमल यादव और अवर अभियंता रवि प्रकाश ने ध्वजारोहण किया। बीआरसी कार्यालय और कंपोजिट विद्यालय शंकरगढ़ में समाजसेवी रामखेलावन गुप्ता द्वारा ध्वजारोहण किया गया। बच्चों द्वारा नगर के विभिन्न मोहल्लों में प्रभातफेरी भी निकाली गई। इस मौके पर प्रधानाध्यापक वीरेंद्र सिंह, नृपेंद्र सिंह, अतुलेश्वरी गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे। इसी तरह कैंब्रिज हाईस्कूल एंड कालेज और नवोदित शिक्षा केंद्र इंटरमीडिएट कॉलेज लाइनपार शंकरगढ़ में प्रबंधक संतोष त्रिपाठी ने ध्वजारोहण किया। एसबीएस एकेडमी मोदीनगर शंकरगढ़ में प्रबंधक एसबी सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल शंकरगढ़ में प्रबंधक प्रकाशचंद्र मिश्र और सेंट जोसेफ स्कूल कैथा लखनपुर में फादर जोसेफ रवि द्वारा ध्वजारोहण किया गया। राजा कमलाकर इंटर कालेज शंकरगढ़ में प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह द्वारा झंडा फहराया गया। हीरा फिलिंग स्टेशन कपारी में प्रोपराइटर राजेश कुमार पांडेय और गोपाल फिलिंग स्टेशन शिवराजपुर में प्रोपराइटर सतीश कुमार गुप्ता ने तिरंगा फहराया। इसीतरह सावित्री नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कालेज की छात्राओं द्वारा नगर में धूमधाम से तिरंगा रैली निकाली गई। इसी तरह केसरवानी धर्मशाला शंकरगढ़ में व्यापार मंडल अध्यक्ष मूलचंद गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। ग्राम कपारी में प्रधान सुभाष कुमार, ग्राम लखनपुर में प्रधान रामजतन, ग्राम जोरवट में प्रधान फैजान अहमद, ग्राम बिहरिया में प्रधान प्रतिनिधि परमेश्वर सिंह, ग्राम चुंदवा में प्रधान शैलेंद्र सिंह, ग्राम बेमरा में महेश सिंह, ग्राम बेनीपुर में ज्ञानेंद्र मिश्र ने ध्वजारोहण किया।

डिफेंस टाइगर्स टीम ने आजादी की निकाली गौरव यात्रा, नन्हें-मुन्हों की किया हौंसला आफजाई

नौनिहालों ने देश प्रेम से जुड़ें कार्यक्रमों से मोहा मन

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। स्वाधीनता दिवस की वर्षगांठ पर डिफेंस टाइगर्स टीम द्वारा नगर व ग्रामीण अंचल में जागरूकता रैली निकाली गयी। राष्ट्रीय गीतों के प्रसारण के मध्य रिटायर्ड फौजियों ने ध्वजारोहण कर विभिन्न विद्यालयों में नन्हें मुन्हों को टाफी व बिस्किट भी प्रदान किये।

डिफेंस टाइगर्स के अध्यक्ष पूर्व पैराटूपर कमाण्डो सुधीर कुमार मिश्र की अगुवाई में नगर से जागरूकता रैली घुइसरनाथ रोड होते हुए खानापटटी से महिमापुर बडी नहर से धधुआ गाजन चैराहा पहुंची। यहां से जय हिन्द के जयघोष के बीच यह रैली सलेम भदारी होते हुए कालाकांकर रोड से जैनपुर होते हुए वर्मा नगर में भी लोगों को राष्ट्रीय ध्वज प्रदान करते हुए वतनपरस्ती का जोश दिखा।

डिफेंस टाइगर्स की टीम का अझारा स्थित पं. रामकर्ण मिश्र इण्टर कालेज में प्रबंधक सर्वेश मिश्र ने माल्यार्पण कर सारस्वत सम्मान किया। भेभौंरा प्राथमिक विद्यालय में टीम के द्वारा सामूहिक ध्वजारोहण कार्यक्रम में सहभागिता दी गयी। कार्यक्रम का संयोजन महासचिव अयोध्या तिवारी व उपाध्यक्ष मनोज सिंह ने किया।

कार्यक्रम में सचिव लाल बहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष उमेश चन्द्र तिवारी, अखिलेश तिवारी, महेन्द्र तिवारी, खुर्शीद, इन्द्रमणि पाण्डेय, सुनील सिंह आदि रहे। उधर रानीगंज कैथौला क्षेत्र के कैब्रिज इंटरनेशनल स्कूल मे स्वाधीनता दिवस पर नौनिहालों ने देश प्रेम से जुड़े कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। नौनिहालों के कार्यक्रम देख अभिभावक मंत्र मुग्ध हो उठे। विद्यालय के संस्थापक समाजसेवी अनिल सिंह ने कहा कि आजादी के मूल्यों की समझ के लिए नौनिहालों के बीच ऐसे कार्यक्रम राष्ट्रीयता की भावना को मजबूती दिया करते है। कार्यक्रम का संयोजन प्रबंधक नीतेश सिंह व संचालन प्रधानाचार्या कोएना तिवारी ने किया। इस मौके पर आराध्या सिंह, आर्या सिंह, श्वेता त्रिपाठी, नीतू यादव को संस्थापक छोटे सिंह द्वारा सम्मानित भी किया गया।

छात्रों की मदद करने वालों को बच्चा बैंक ने किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के निशुल्क स्टडी सेंटर भंगवा में आयोजित समारोह में जरुरतमंद छात्रों की शिक्षा के साथ साथ अन्य जरूरी चीजों में मददगार बनकर उनका मुस्तकबिल बनाने में अपना योगदान देने वाले प्रबुद्धजनों को ग्रुप की ओर से सम्मानित किया गया। जिसमें वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट डाक्टर शिव मूर्ति लाल मौर्य, सचिन कुमार, अनिल कुमार, शरद केसरवानी, संजीव आहूजा और मुन्ना जायसवाल को मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ फिजिशियन डाक्टर मनोज खत्री ने स्मृति चिन्ह और तिरंगा पट्टिका से सम्मानित किया। ग्रुप की छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर अश्वनी केसरवानी, वीके तिवारी, अनुज शुक्ला, आरके गुप्ता, पत्रकार जान मोहम्मद, प्रदीप, सतीश, शनि, दामिनी, रागिनी, साहिबा, अंजू, प्रिया, लाजू और मुस्कान समेत ग्रुप के कई बच्चे मौजूद थे।

साधु के वेश में ठग ने उड़ाये पचास हजार, हड़कम्प

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर की बाजार में नागा साधु के वेश में आये एक ठग ने व्यापारी की आंखों में धूल झोकते हुए पच्चास हजार रुपए उड़ा लिये। भीड़-भाड़ इलाके में दिन दहाड़े ठगी की घटना देख सुन लोग आवाक रह गये। लालगंज में बैक ऑफ इण्डिया के ठीक सामने सांगीपुर थाना के पीरूपुर पहाड़पुर निवासी सहदेव विश्वकर्मा ने बिल्डिंग की दुकान खोल रखी है। गुरूवार दिन में सवा दो बजे के करीब सहदेव दुकान पर बैठे थे। इस बीच एक अधेड़ नागा साधु के वेश में दुकान पर पहुंचा। सहदेव को ठग ने रुपए दो गुना करने का लालच देते हुए अपने माया जाल में उलझाया। दुकानदार जैसे ही पच्चास हजार रुपए निकाला। ठग ने उसे अपनी मुठ्ठी में रुपए बंद करने को कहा। दुकानदार कुछ समझ पाता कि हाथ की सफाई से साधु ने रुपए अपनी जेब में खिसिका लिया। दुकानदार परेशान हुआ तो साधू ने उसे कुछ दूर से मिट्टी लाने को कहा । दुकानदार मिट्टी लाने बढ़ा तो ठग तेजी से वहां पहले से खड़ी एक कार में सवार हुआ और प्रतापगढ़ की तरफ भाग निकला। पीड़ित दुकानदार के शोर मचाने पर आस पास के दुकानदार तथा बैंक के सामने भी जुटी भीड़ वहां पहुंच गयी। जानकारी मिलने पर टेज्नी आईपीएस अमृत जैन भी मौके पर पहुंचे । सहायक पुलिस अधीक्षक अमृत ने आस पास के दुकानों पर लगे सीसी कैमरे के साथ एसबीआई तथा बैक आफ इण्डिया बैक के सीसी फुटेज भी खंगाले। पीड़ित दुकानदार ने घटना की तहरीर पुलिस को सौपी है।

पूर्व मंत्री के नाती के निधन पर पट्टी में स्कूल रहे बंद

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। प्रदेश सरकार के पूर्व केंद्र मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह के भतीजे ब्लाक प्रमुख राकेश कुमार सिंह पप्पू सिंह के पुत्र यश प्रताप सिंह बिट्टू के आकस्मिक निधन पर जहां पट्टी नगर शोक में डूबा हुआ नजर आया वहीं गुरुवार को प्राइवेट स्कूल शोक संवेदना करते हुए स्कूल बंद करने का निर्णय लिया । पट्टी नगर के कई स्कूल इस दौरान बंद रहे। सेंट जेवियर्स भारत सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज, गुडविल पब्लिक स्कूल, राम नारायण इंटरमीडिएट कॉलेज, नव प्रभात एकेडमी भरोखन आदि स्कूल बंद रहे।

उधर पूर्व मंत्री के नाती तथा ब्लाक प्रमुख राकेश कुमार सिंह के पुत्र यश प्रताप सिंह बिट्टू के आकस्मिक निधन पर पत्रकारों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रतापगढ़ प्रेस क्लब इकाई पट्टी ने इस संबंध में एक बैठक करके यश प्रताप सिंह बिट्टू के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त किया। संगठन के अध्यक्ष परशुराम ओझा ने कहा कि यश प्रताप सिंह बिट्टू का आकस्मिक निधन हम सबके लिए गहरी क्षति है। मुख्य रूप से सचिव मनोज यादव, संगठन मंत्री रोहित जायसवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, कोषाध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, उपाध्यक्ष पीयूष सिंह, संरक्षक सुधीर श्रीवास्तव, सुरेश शुक्ला, शिव कुमार चैरसिया आदि लोग मौजूद रहे। प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह के भतीजे ब्लाक प्रमुख राकेश कुमार सिंह के पुत्र यश प्रताप सिंह बिट्टू के आकस्मिक निधन पर पत्रकारों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। पट्टी के पत्रकारों की तरफ से गुरुवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान पत्रकारों ने यश प्रताप सिंह बिट्टू के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए 2 मिनट का मौन रखा तथा दिवंगत आत्मा की शांति व शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। वरिष्ठ पत्रकार अवधेश सिंह ने कहा कि यश प्रताप सिंह बिट्टू का आकस्मिक निधन हम सबके लिए गहरी क्षति है। मुख्य रूप से बैठक में मनोज यादव, मानवेन्द्र प्रताप सिंह माना, बिंदु वर्मा, मोनी, सहित कई पत्रकार मौजूद रहे।

पेंटर की मौत पर ग्रामीणों ने लगाया जाम, आर्थिक मदद की मांग

प्रतापगढ़। दो दिन पहले नगर कोतवाली क्षेत्र के पूरे सुकाल गांव का निवासी पेंटर की करंट की चपेट में आने से हुई मौत के बाद पोस्टमार्टम से जब शव घर आया तो आज दोपहर में शव रखकर घरवालों के साथ ग्रामीणों ने विकास भवन से कटरा मार्ग पर जाम लगा दिया। इस दौरान लगभग एक घंटे तक जाम रहा। बाद में शहर कोतवाल व पुलिस के पहुंचने पर समझाने-बुझाने पर और उचित आर्थिक सहायता दिलाने की मांग पर परिजन बड़ी मुश्किल से शव का अंतिम संस्कार करने पर राजी हुए। परिजन आर्थिक मदद की मांग कर रहे थे।

कंस के अहंकार का नाश किया था भगवान कृष्ण ने

स्टेशन रोड पर चल रही भागवत कथा में बोले आचार्य कृष्ण कुमार मिश्र व्यास जी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। शहर के रेलवे स्टेशन रोड पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक आचार्य कृष्ण कुमार मिश्र व्यास ने कंस वध, पूतना उद्धार व काली नाथ दमन पर रोचक ढंग से कथा का प्रस्तुतिकरण किया।

कथा वाचक व्यास जी ने कहा कि कृष्ण भगवान ने कंस का वध कर उसके अहंकार का नाश किया था। उन्होंने कहा कि मनुष्य में जब भी अहंकार इस बात का होता है कि मैंने सब कुछ किया है तो भगवान उसका पतन कर उसे एहसास कराते हैं।

कथा कहते आचार्य कृष्ण कुमार मिश्र व्यास जी।

व्यास जी ने बताया कि कंस पहले जन्म में कालिनेम था जिसे हनुमान जी ने संजीवनी बूटी लाते समय उसके द्वारा टोके जाने पर उसे मार डाला था। उन्होंने स्पष्ट किया कि मनुष्य को कभी भी किसी बात का अहंकार नहीं करना चाहिये। सब भगवान की मर्जी से और उसकी कृपा पर ही होता है। पूतना उद्धार का विस्तार से चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि पाप की बहन पूतना है अर्थात अविद्या जिसका नाश भगवान द्वारा किया जाता है, उसका नाम पूतना है। इस संगीतमयी कथा में अनेक शिक्षण संस्थाओं के संचालक तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पं0 श्याम किशोर शुक्ल, शिक्षाविद् एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी, अवकाश प्राप्त बैंक कर्मी गिरजाशंकर मिश्र व एनपी मिश्र, अवकाश प्राप्त एबीएसए श्रीराम मिश्र, तिलक इंटर कालेज के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार तिवारी, डा0 घनश्याम अग्रवाल, अमरनाथ त्रिपाठी के अलावा अधिवक्ता तथा महिलाएं बड़ी संख्या में मौजूद रहीं। कथा की यजमान आशा मिश्रा रहीं।

आपत्तिजनक धार्मिक टिप्पणी पर मामला दर्ज

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। सनातन धर्म के विरुद्ध इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर तीन लोगों के विरुद्ध पुलिस ने आईटी एक्ट की धारा के तहत मामला दर्ज किया है। रामगंज नगर पंचायत के प्रशांत जायसवाल पुत्र हौसला प्रसाद में इस संबंध में शिकायती पत्र आसपुर देवसरा थाने में दिया और बताया कि रामगंज का ही रहने वाला एक युवक इंस्टाग्राम पर भद्दी भद्दी गालियां देते हुए देवी देवताओ के ऊपर अभद्र टिप्पणी किया। राम नगर पंचायत का रहने वाला एक अन्य व्यक्ति वीडियो पर आपत्तिजनक टिप्पणी किया। प्रशांत की तहरीर पर आसपुर देवसरा पुलिस ने युवक के विरुद्ध आईटी एक्ट धारा के तहत मामला दर्ज किया है।

धराया वांछित

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। किशोरी के अपहरण को लेकर वांछित आरोपी को पुलिस ने गुरूवार की सुबह धर दबोचा। लालगंज कोतवाली के दरोगा अनीश यादव फोर्स के साथ गस्त कर रहे थे। तहसील के पास पुलिस को रायबरेली के सलोन थाना के सिरसिरा बोधी का पुरवा निवासी रामसजीवन का पुत्र अखिलेश सरोज हत्थे चढ़ गया। अखिलेश कोतवाली लालगंज में दर्ज किशोरी के अपहरण को लेकर केस का वांछित था। पुलिस ने दोपहर बाद आरोपी को जेल भेज दिया।

एलआईसी का शैक्षिक सेमिनार व पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

नए अभिकताओं की हुई नियुक्ति

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। भारतीय जीवन बीमा निगम की यूनिट 31102 का शैक्षिक सेमिनार व पुरस्कार वितरण समारोह यूनिट के विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य के नेतृत्व में नगर के होटल शशांक में संपन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ।

भारतीय जीवन बीमा निगम का व्यवसाय व उपलब्धि बढ़ाने के लिए आयोजित प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले अभिकताओं नन्द किशोर प्रजापति, राकेश कुमार सरोज, बाबूलाल यादव, पुष्पेन्द्र शुक्ला, राघव सिंह, डा0 सुरेश कुमार वर्मा, राम बहादुर वर्मा, श्रवण कुमार वर्मा, ओम प्रकाश शुक्ला,

ट्रस्टी आनंद मोहन ओझा को सम्मानित करते आयोजकगण।

दिनेश कुमार, राज कुमार तिवारी, महेश कोरी व लक्ष्मण प्रसाद बरनवाल इत्यादि को उत्कृष्ट पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर अम्मा साहेब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा, ओम प्रकाश गुप्ता एवं लीलावती देवी को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। यूनिट के विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य ने सबका स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय जीवन बीमा निगम के साथ जो जुड़ते हैं निगम उन्हें उच्च जीवन शैली प्रदान करता है। इसके सदस्य परिश्रम करके ऊंची आय प्राप्त करते हैं और विश्व स्तर पर जाने जाते हैं। खूब आगे बढ़ें यही जीवन का लक्ष्य है। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा प्रतापगढ़ के मुख्य प्रबंधक दीपक चावला ने कहाकि हमें प्रतिदिन नए लक्ष्य बनाना चाहिए। एक लक्ष्य पूरा होने पर अगले लक्ष्य के लिए प्रयास करना चाहिए। निगम के मेहनतकश अभिकर्ता लाखों-करोड़ों कमाते हैं इसलिए साहस बनाए रखें। अध्यक्षता कर रहे पूर्व बाल न्यायाधीश व वरिष्ठ साहित्यकार डा0 दयाराम मौर्य रत्न ने कहाकि राजीव कुमार आर्य अपने अभिकताओं को अपने परिवार का सदस्य समझते हैं। उनके सुख-दुख में खड़े रहते हैं। इन्होंने उनको सफलता की चोटी पर पहुंचाया है। इनके निदेशों का पालन करते हुए प्रगति करें। उद्बोधन देने वालों में ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा, ओम प्रकाश शुक्ला, राकेश कुमार कनौजिया, सहायक शाखा प्रबंधक एल0आई0सी0 पंकज कुमार सिंह, एलायंस क्लब इंटरनेशनल के निदेशक रोशनलाल उमरवैश्य, राकेश कुमार सरोज, संजय कुमार, लीलावती सरोज एवं बृजेश कुमार प्रमुख रहे।

अग्नि सचेतक को प्रमाण पत्र देतीं अधिकारी।

अग्नि सचेतकों को वितरित किया गया प्रमाण पत्र

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश शासन के आदेशानुसार शहरी क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ रही अग्नि दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण करने के लिये प्रत्येक ब्लाक से 100-100 अग्नि सचेतक (फायर वालेन्टियर) बनाये जाने की अपेक्षा की गई है। इसी क्रम में जिले के 17 ब्लाकों के सापेक्ष कुल 1700 अग्नि सचेतक तैयार किये जा रहे हैं। फायर स्टेशन सदर में चलाये जा रहे अग्नि सचेतक जागरुकता अभियान के तहत 12वें बैच में कुल 208 बच्चों को प्रशिक्षित किया गया। अग्निसचेतकों द्वारा ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में खेत, खलिहान, मकान आदि में आग लगने पर प्रभावी नियंत्रण रखने के लिये अग्निशमन विभाग को सूचित करके तथा सहयोग करने की दृष्टि से अग्नि सचेतक तैयार किये गये हैं। उक्त कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर प्रतापगढ़ के नेतृत्व में अग्निशमन अधिकारी प्रतापगढ़ प्रभाकर पाण्डेय, सहायक उप निरीक्षक राधेश्याम दुबे, राज बहादुर पाल, चालक अनिल कुमार राय, फायरमैन विजय बहादुर यादव, ज्ञानचंद्र, सतविजय पाठक आदि मौजूद रहे।

एमडीपीजी कालेज के शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध, मांगों को लेकर गरजे शिक्षकगण

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। एमडीपीजी कालेज के शिक्षकगण उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक महासंघ के आह्वान पर अपनी मांगों के समर्थन में काली पट्टी बांधकर विरोध जताते कार्यरत रहे। मुख्य मुद्दा विषमता पूर्वक बायोमीट्रिक उपस्थिति का विरोध रहा।

शिक्षको का विरोध वायोमीदिक की अनिवार्यता को लेकर न होकर इस बात पर है कि इस व्यवस्था को विषमता पूर्वक लागू किया जा रहा है। यदि गैर सहायता प्राप्त महाविद्यालय इसके दायरे मे नहीं लाए जाएंगे तो सहायता प्राप्त एवं सरकारी महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र 75 प्रतिशत की अनिवार्य उपस्थिति की शर्त के चलते परीक्षा एवं छात्रवृत्ति से वंचित हो जाएंगे। इसका परिणाम यह होगा कि सहायता प्राप्त एवं सरकारी महाविद्यालयों मे अध्ययरत छात्र इसका आने वाले वर्षो में त्याग कर उन महाविद्यालयों में चले जायेगे जहाँ यह व्यवस्था नही है। इसके पीछे सरकार की मंशा सुधार की न होकर निजीकरण को बढ़ावा देने की है। अतः सहायता प्राप्त एवं सरकारी महाविद्यालयों के शिक्षक इसका तब तक विरोध करते रहेंगे जब तक कि इसको संविधान की भावना के अनुसार लागू नही किया जाएगा।

मांगों को लेकर प्रदर्शन करते एमडीपीजी कालेज के शिक्षकगण।

इस अवसर पर मुख्य रूप से फुपुक्ता महामंत्री प्रो. पी. के. सिंह, इकाई अध्यक्ष प्रो. अरुण कुमार तिवारी, महामंत्री प्रो. पीयूष कान्त शर्मा, डॉ० राजवन्त सिंह, प्रो. रमेशचन्द्र शुक्ल, प्रो. निशा सिंह, प्रो. सन्तोष कुमार पाण्डेय, प्रो. माया शंकर, प्रो. ऊषा दूबे, प्रो. उषा तिवारी, डॉ. रंजीत पटेल, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा डॉ. अरुण कुमार वर्मा, डॉ. मनीष कुमार सिंह, डॉ. कमला कान्त तिवारी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

मुम्बई के लिए प्रतापगढ़ को मिली तुलसी ट्रेन की सौगात

भारी भीड़ को देखकर रेलवे बोर्ड ने तुलसी का फेरा बढ़ाया

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। मुम्बई जाने के लिए टिकट और सीट की मारामारी झेल रहे जनपदवासियों के लिए अच्छी खबर है। अब उन्हें परेशान होने की जरूरत नहीं है। रेलवे बोर्ड ने जनपद को तुलसी एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात दी है। ट्रेन 28 अगस्त को प्रतापगढ़ होते हुए लोकमान्य तिलक टर्मिनल जायेगी। यह सप्ताह में दो दिन रविवार और मंगलवार को चलेगी। इसकी सुविधा मिलने से यात्रियों को काफी राहत मिलेगी।

हालांकि प्रतापगढ़ से मुम्बई के लिए एक ट्रेन उद्योग नगरी की सुविधा है। साकेत एक्सप्रेस इधर से होकर जाती है। दोनो ही साप्ताहिक ट्रेन है। इसके बाद भी

28 अगस्त को प्रतापगढ़ होते हुए जायेगी मुंबई

भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही। लोग टिकट के लिए दूसरे जिलों के चक्कर लगाते हैं। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। रेलवे बोर्ड ने अयोध्या और प्रयागराज वाया प्रतापगढ़ एलटीटी ट्रेन 22129, 221230 का फेरा बढ़ा दिया है। 22129 लोकमान्य तिलक टर्मिनस इप्रयागराज एक्सप्रेस 27 अगस्त को प्रयागराज से सुबह 09.05 बजे प्रस्थान कर उसी दिन दोपहर 12.10 बजे अयोध्या कैंट पहुँचेगी। 28 अगस्त को 22130 अयोध्या कैंट लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस रेलगाड़ी अयोध्या कैंट से दोपहर 02.50 बजे प्रस्थान कर सायं 06:00 बजे प्रयागराज आएगी। शाम 06:30 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस के लिए प्रस्थान करेगी। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार यह रेलगाड़ी प्रयाग जं०, प्रतापगढ़ जं० तथा सुलतानपुर स्टेशन पर दोनों दिशाओं में रुकेगी।

उपालि बुद्ध बिहार में मौजूद उपासकगण।

उपासकों ने अमर शहीदों को किया नमन, उपालि बुद्ध विहार में हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ। उपालि बुद्ध विहार में आयोजित स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम विकास अधिकारी राजीव आर्य ने राष्ट्र आजादी के लिए किए गए अमर शहीदों को नमन करते हुए इसे अक्षुण्य रखने पर बल देते हुये उनके सपनों के भारत निर्माण करने हेतु सभी से आवाहन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए संकल्पित मन से स्वतंत्रता आंदोलन के महान सपूतों के आदर्शों पर चलने पर बल दिया। इस अवसर पर भिक्खु करुणा रक्खित ने सभी के प्रति अपनी मंगलकामनाये व देशनाओं से राष्ट्र, तिरंगे व संविधान से अपनी कृतज्ञता व्यक्त की । कार्यक्रम का संचालन राकेश कन्नौजिया ने किया। इस अवसर पर जगदीश प्रधान, राजेश नागर, सुशील दद्दू, सुरेंद्र प्रताप, भारत बौद्ध, बृजेश सरोज, कंचन बौद्ध, अजय बौद्ध, शिव प्रसाद मौर्य, सविता, रीता, रोशनी बौद्ध, अनिल बौद्ध, बसन्त बौद्ध आदि उपस्थित रहे। आभार रंजू संजय बौद्ध ने प्रकट किया।

अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किशोरी के अपहरण तथा आरोपी द्वारा फोन पर परिजनों को जांनलेवा धमकी को लेकर बीती बुधवार की रात केस दर्ज किया है। लालगंज केातवाली के रायपुर तियाई निवासी घेराऊ के पुत्र शिव नारायण सरोज ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती पन्द्रह अगस्त को सुबह साढ़े दस बजे एक अज्ञात लड़के ने उसकी चैदह वर्षीय पुत्री को बहाल-फुसला कर भगा ले गया। पीड़ित द्वारा शिकायत करने पर आरोपी द्वारा फोन पर परिजनों को गाली देते हुए जांन लेवा धमकी भी दी गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण व धमकी का केस दर्ज किया है।

खबर संक्षेप

फूड प्वाइजनिंग से बीमार छात्राओं के मामले में वार्डन रसोइया पर मुकदमा दर्ज

कौशाम्बी। जिले के चरवा थाना क्षेत्र में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय जानकीपुर में बुधवार की सुबह नाश्ता खाने के बाद फूड प्वाइजनिंग में 13 बच्चो की तबियत खराब होने के मामले में डीएम सुजीत कुमार के आदेश के बाद जांच को पहुंचे फूड सेफ्टी अफसरों सहित कई अधिकारियों ने जांच की। अधिकारियों की जांच में भोजन बनाने में सफाई, गुणवत्ता का पालन ना करने की बात सामने आई है,अधिकारियों की रिपोर्ट के बाद स्कूल की वार्डन, रसोइया सहित 5 लोगो पर मामला दर्ज करने का डीएम ने निर्देश दिया है। जिसके बाद थाने में ममता, अंजली, रश्मि सिंह, रेनू आर्या, श्वेता साहू पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

जहरीली टॉफी खाने से चार बच्चो की बिगड़ी हालत इलाज के दौरान दो की मौत

अखंड भारत संदेश

बच्चों की हालत सुधार न होने पर जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने किया प्रयागराज रिफर

कौशाम्बी। जिले के कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार की सुबह जहरीली टाफी खाने से चार बच्चो की हालत बिगड़ गई बच्चो की हालत खराब देख परिजनों नें गंभीर हालत में चारों बच्चों को सीएससी इस्माइलपुर में भर्ती किया जहा से चारो की हालत नाजुक होने पर डॉक्टरो ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने प्रयागराज रेफर कर दिया है इलाज के दौरान दो बच्चों की मौत हो गई है मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया है। जानकारी के मुताबिक कड़ा धाम कोतवाली के सौरई बुजुर्ग गांव के अधिवक्ता राजकुमार प्रजापति बुधवार की रात बच्चो सहित घर की छत पर सो रहे थे सुबह होने पर राजकुमार नीचे चले आए बच्चों को बिस्तर पर सुबह अचानक टॉफी पड़ी मिली तो अधिवक्ता राजकुमार की पुत्री वर्षा उम्र 7 वर्ष भतीजी साधना उम्र 7 वर्ष भतीजी शालनी उम्र 8 वर्ष उनके भतीजे की पुत्री आरुषि उम्र 4 वर्ष ने उस टॉफी को खा लिया जिससे चारो बच्चो की हालत बिगड़ गई परिवारीजनों ने पड़ोसी के ऊपर रंजिशन जहरीली टॉफी उनके बच्चो के पास फेंकने का शक जताया है और आरोप लगाया है कि नशीली टॉफी खाने से उनके बच्चो की हालत बिगड़ी है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है पुलिस मामले की जांच कर रही है इलाज के लिए परिजनों ने चारों बच्चों को स्थानीय सीएचसी अस्पताल में भर्ती कराया हालत ना सुधारने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया लेकिन वहां भी हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने प्रयागराज रिफर कर दिया है अधिवक्ता राजकुमार प्रजापति ने बताया कि प्रयागराज में इलाज के दौरान उनकी भतीजी साधना 7 वर्ष और शालनी 8 वर्ष की मौत हो गई है मौत होते ही पूरे परिवार में कोहराम मचा है।

धूमधाम से मनाया महारानी वीरांगना अवंति बाई लोधी का जन्मदिन

अखंड भारत संदेश

अवंति बाई लोधी की मूर्ति लगाए जाने का आश्वासन बसपा सरकार में तत्कालीन कैबिनेट मंत्री इंद्रजीत सरोज ने दिया लेकिन वादे से मुकर गए हैं, भाजपा भी कर रही वादा खिलाफी लोधी समाज आने वाले चुनाव में मांगेगा हिसाब तब करेगा वोट

कौशांबी। भारत देश को अंग्रेजों से मुक्त करने में 1857 में अंग्रेजों से लड़ाई में वीरगति को प्राप्त हुई अवंति बाई लोधी का जन्मदिन मंझनपुर मुख्यालय के मंडी समिति ओसा में 16 अगस्त को बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर अवंतिबाई लोधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर उपस्थित लोगों ने प्रकाश डाला है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हीरालाल लोधी ने अवंति बाई लोधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए समाज के लोगों को जागरूक किया है इस मौके पर लोधी समाज के लोगों ने कहा कि कौशांबी में अवंति बाई लोधी की मूर्ति लगाए जाने का आश्वासन बसपा सरकार में तत्कालीन कैबिनेट मंत्री इंद्रजीत सरोज ने दिया था लेकिन वह अपने वादे से मुकर गए हैं उन्होंने कहा कि सपा बसपा भाजपा किसी भी सरकार में अवंति बाई लोधी की मूर्ति कौशाम्बी में लगाने का प्रयास नहीं किया गया है जिससे लोधी समाज के लोगों में आक्रोश व्याप्त है वक्ताओं ने कहा कि नगर पालिका परिषद मंझनपुर में चारों ओर लोधी समाज के लोग बड़ी संख्या में रहते हैं लेकिन किसी भी वार्ड को अवंति बाई लोधी के नाम पर घोषित नहीं किया गया है। सभा को संबोधित करते हुए उत्तम लोधी ने लोधी समाज को एकत्रित होकर और शिक्षित होकर संघर्ष करने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि प्रमोद लोधी ने कहा सामाजिक विकास के साथ ,आर्थिक विकास और राजनैतिक विकास की मूल धारा से समाज को जोड़ने की आवश्यकता है सत्ता शिक्षा,रोजगार तीनों से समाज मजबूत होगा साथ साथ समाज में व्याप्त नशाखोरी,मृत्य भोज जैसी बुराइयों से समाज को दूर रहने की जरूरत है कार्यक्रम के संयोजक महेश लोधी विशिष्ट अतिथि भुल्लन लोधी मुख्य अतिथि उत्तम लोधी, प्रमोद लोधी, हरिपाल सिंह लोधी, दिलीप लोधी बृजेश लोधी, सभासद राम यश लोधी आदि ने अवंति बाई लोधी के जन्मदिन पर प्रकाश डाला है अवंति बाई लोधी के जन्मदिन के कार्यक्रम में हजारो की संख्या में लोधी समाज के लोग मौजूद रहे।

48 वे वर्ष सहकारी ग्राम विकास बैंक में नर नारायण मिश्रा ने फिर किया ध्वजारोहण

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। जनपद मुख्यालय मंझनपुर के उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक के अध्यक्ष नर नारायण मिश्रा एडवोकेट ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बैंक परिसर में फिर ध्वजारोहण किया है बीते 48 वर्षों से लगातार नर नारायण मिश्रा एडवोकेट उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक के अध्यक्ष हैं और वह प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण कर रहे हैं 48 वर्षों से बैंक परिसर में ध्वजारोहण कर उन्होंने एक इतिहास कायम किया है इस मौके पर उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान गया और देशभक्ति पर चर्चा कर आजादी के वीर सपूतों को नमन किया है उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के चंगुल से देश को आजाद करने में शहीद हुए लोगों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता 48 वर्षों से लगातार बैंक का प्रतिनिधित्व करने के कारण बैंक के सामान्य निकाय की बैठक में नर नारायण मिश्रा को सम्मानित किया गया है ध्वजारोहण के अवसर पर शाखा प्रबंधक बैंक कर्मचारी सदस्यगण के साथ-साथ क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

ट्रक और बाइक में आमने सामने भिडंत,बाइक सवार तीन घायल एक युवक की इलाज के दौरान मौत

अझुवा कौशाम्बी। जिले के सैनी कोतवाली क्षेत्र में ट्रक और बाइक में आमने सामने भिडंत हो गई,हादसे में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए,घायलों को तत्काल एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल भेजा गया जहा एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई,जबकि दो लोगो की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। घटनाक्रम के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के साजिद इरफान वा एक अन्य बाइक से सैनी कोतवाली क्षेत्र जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार तीनो सैनी कोतवाली के कमासिन के पास पहुंचे ट्रक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दिया है हादसे में तीनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर घायल हो गए आस-पास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे सूचना पुलिस को दी गई घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है बताया जाता है कि इलाज के दौरान साजिद की मौत हो गई जबकि इरफान और एक अन्य की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है बाइक और ट्रक की टक्कर की घटना वहा पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है।

अनियमित विद्युत कटौती से फूटा ग्रामीणों का आक्रोश, चक्का जाम

अखंड भारत संदेश

विद्युत कटौती में सुधार नहीं हुआ तो नगर के लोग बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे

हर्रायपुर कौशाम्बी। मूरतगंज कस्बा और उसके आसपास के क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती से ग्रामीण अजीज आ गए हैं नेता अधिकारी जनप्रतिनिधि जनता की समस्या सुनने को तैयार नहीं है जिससे आक्रोशित नगर के लोगों ने मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया चक्का जाम की जानकारी मिलते ही अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए और मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने नगर वासियों को समझो जाकर बिजली सप्लाई सुचारु दिए जाने का आश्वासन देकर उन्हें शांत कराया है। सैता पावर हाउस के विद्युत अधिकारी और उनके कर्मचारी बेलगाम हो गए हैं बिना किसी नियम के रोस्टर के विपरीत विद्युत कटौती की जा रही है जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है मामले को लेकर नगर के लोगों ने अधिशासी अभियंता और अधीक्षण अभियंता से भी विद्युत कटौती में सुधार किए जाने की मांग की थी लेकिन उसके बाद भी पावर हाउस के अधिकारियों कर्मचारियों का रवैया नहीं बदला जा सका लगातार विद्युत कटौती से परेशान लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया और नगरपालिका परिषद भरवारी के मूरतगंज चौराहे पर सैकड़ों ग्रामीण बुधवार को सड़क पर उतरकर कस्बे के मुख्य मार्ग में चक्काजाम कर दिया जिससे आवागमन बाधित हो गया मामले की जानकारी मिलते ही मूरतगंज पुलिस चौकी इंचार्ज दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और चक्का जाम कर रहे ग्रामीणों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया है ग्रमीणों ने बिजली विभाग मुदार्बाद जे ई मुदार्बाद के नारे लगाए बिजली कटौती से आक्रोशित नगर के लोगों ने कहा कि लाइट कर्मचारियों की लापरवाही बर्दाश्त नही किया जायेगा। लोगों ने कहा कि विद्युत कटौती में सुधार नहीं हुआ तो नगर के लोग बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

वृद्ध जनों ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस का पर्व

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। मंझनपुर के ओसा स्थित वृद्धजन आश्रम में स्वतंत्रता दिवस का पर बड़े धूमधाम से मनाया गया है वृद्धजन आश्रम प्रभारी आलोक राय ने स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण किया है और वृद्ध जनों के बीच मिठाइयां वितरित किया है देश को आजादी कैसे मिली बीर जवानों के योगदान को आलोक राय ने वृद्धजनों को बताया 17 अगस्त को वृद्ध आश्रम में संस्था के लोग पहुचे और संस्था के लोगों ने वृद्धजन आश्रम में पहुंचकर उनका दुख दर्द और हालचाल जाना और वृद्धजनों के बीच फल का वितरण किया है।

वरिष्ठ शाखा प्रबंधक ने किया ध्वजारोहण

अखंड भारत संदेश

भरवारी कौशांबी। भारतीय जीवन बीमा निगम के शाखा कार्यालय भरवारी में वरिष्ठ शाखा प्रबंधक मनोज सक्सेना ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रीय गान और राष्ट्रगीत गाया गया किसके उपरांत आजादी में प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों के योगदान की चर्चा की गई इसके उपरांत आजादी और देशभक्ति से संबंधित विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय भरवारी में स्वतंत्रता दिवस का पर्व बड़े ही धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस दौरान मनोज सक्सेना वरिष्ठ शाखा प्रबंधक मंजर वारसी सहायक शाखा प्रबंधक हरी प्रकाश सहायक प्रशासनिक अधिकारी सेवानिवृत्ति विकास अधिकारी कमलेश केशरवानी निगम के तमाम कर्मचारी अभिकर्ता एजेंट क्षेत्र के गणमान्य लोग पाल्सी धारक सहित तमाम लोग स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मौजूद रहे।

बीएड पास अभ्यर्थियों ने मुख्यालय में प्रदर्शन कर डीएम को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। बीएड पास आउट अभ्यर्थियों ने बुधवार को जिला मुख्यालय मंझनपुर के डायट मैदान में प्रदर्शन कर अपना एक सूत्रीय मांग पत्र डीएम के जरिए एनसीटीई के अध्यक्ष को भेजा है। अभ्यर्थियों ने मांग की है कि सरकार एक अध्यादेश बिल पारित कर बीएड अभ्यर्थियों को पुनः प्राथमिक शिक्षक भर्ती के योग्य बनाए अन्यथा देश के करोड़ों बीएड डिग्रीधारी प्रतियोगी छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। मंझनपुर डायट मैदान मे शिक्षा विभाग कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर रहे बीएड अभ्यर्थियों ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) और भारत सरकार के द्वारा 28 जून 2018 को जारी आधिकारिक राज पत्र के अनुसार ही अपनी बीएड की डिग्री पूरी की है,राजपत्र में बीएड अभ्यर्थी देश के प्राथमिक विध्यालयों के शिक्षक बनने की पूरी योग्यता रखते हैं। 11 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने एनसीटीई के राजपत्र को असंवैधानिक करार देने वाले राजस्थान हाई कोर्ट के 25 नवम्बर 2021 के निर्णय को ही मान्य कर दिया है। सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले के बाद से बीएड अभ्यर्थी प्राइमरी शिक्षक बनकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य से वंचित हो गए हैं।सभी प्रदर्शनकारी बीएड बेरोजगारों ने प्रदर्शन कर अपनी मांग का पत्र डीएम को सौपा है।

कंपोजिट विद्यालय परसरा में हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस का पर्व

भरवारी कौशांबी। नगर पालिका परिषद भरवारी के परसरा स्थित कंपोजिट विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया है विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार मिश्रा ने ध्वजारोहण किया इसके बाद राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत गाए गए ध्वज को नमन करते हुए उन्होंने देश की आजादी में कुबार्नी देने वाले वीर जवानों को नमन किया उनके योगदान की चर्चा की इस दौरान भारत माता की जय वंदे मातरम के नारों से वातावरण गूंज उठा तिरंगा यात्रा प्रभात फेरी निकालकर स्कूल के शिक्षक और छात्र-छात्राओं ने आजादी का जश्न मनाया ध्वजारोहण के बाद स्कूल के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक एव देश भक्ति के कार्यक्रम किए गए जिसकी लोगों ने भूरि भूरि प्रशंसा की स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शिक्षिका नीतू सक्सेना सरिता चौधरी प्रगति गुप्ता शिवांगी सुचित्रा विश्वकर्मा नैना त्रिपाठी सहित तमाम शिक्षिकाएं क्षेत्र के गणमान्य लोग स्कूल के छात्र छात्राएं मौजूद रह।

भवंस मेहता विद्याश्रम में प्राचार्य ने किया ध्वजारोहण

भरवारी कौशांबी। भरवारी कस्बे के भवन्स मेहता विद्याश्रम में स्वतंत्रता दिवस पर्व की धूम रही विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा ध्वजारोहण किया गया देश भक्ति पर उन्होंने चर्चा की राष्ट्रगान का आयोजन किया गया स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा देशभक्ति पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए देश की आजादी में कुबार्नी देने वाले वीर जवानों के जीवन गाथा पर वक्ताओं ने विस्तार से वर्णन का लोगों के अंदर देशभक्ति की भावना जागृत की देश की आजादी में कुबार्नी देने वाले वीर जवानों को नमन किया गया स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यालय के शिक्षण इलाके के गणमान्य लोग छात्र-छात्राएं स्कूल के कर्मचारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

नेशनल इं.का. में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

भरवारी कौशांबी। नगर पालिका परिषद भरवारी के नेशनल इंटर कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस की धूम रही प्रबंधक रवि नारायण तिवारी ने ध्वजा रोहन किया इसके बाद राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत का आयोजन किया गया भारत माता की जय वंदे मातरम के नारे से वातावरण गूंजता रहा है विद्यालय के प्रधानाचार्य कलीम अहमद ने देश के आजादी में प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों के योगदान की चर्चा की कार्यक्रम के उपरांत स्कूल के छात्र-छात्राओं के बीच मिष्ठान के वितरण किया गया स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यालय के शिक्षक कर्मचारी स्कूल के छात्र छात्राएं और क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

भवन्स मेहता डिग्री कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

भरवारी कौशांबी। नगर पालिका परिषद भरवारी के भवन्स मेहता डिग्री कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस के पर्व पर प्राचार्य डॉक्टर प्रबोध श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण किया है ध्वजारोहण के बाद देश की आजादी में शहीद हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और वीर जवानों के योगदान की चर्चा की है इस दौरान स्कूल के छात्र छात्राओं के बीच मिष्ठान का वितरण किया गया और पूरा वातावरण भारत माता की जय वंदे मातरम के नारे से गूंजता रहा स्कूल के छात्र छात्राओं ने देश आजादी से संबंधित और देशभक्ति पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया है कार्यक्रम के दौरान स्कूल के शिक्षक क्षेत्र के गणमान्य लोग छात्र-छात्राओ सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

प्रा.विद्यालय में प्रधानाध्यापक ने किया ध्वजारोहण

भरवारी कौशांबी। नगर पालिका परिषद भरवारी के दरियापुर मझियावा स्थित प्राथमिक विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानाध्यापक सतीश पांडेय ने ध्वजारोहण किया है भारत माता की जय वंदे मातरम के नारों से वातावरण गूंज उठा है स्कूली बच्चों के बीच मिष्ठान का वितरण किया गया है और देश की आजादी में शहीद हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों वीर सपूतों के योगदान की चर्चा की गई है ध्वजारोहण के बाद स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई है पूरा वातावरण भारत माता की जय वंदे मातरम के नारे से गूंजता रहा इस दौरान विद्यालय के शिक्षक क्षेत्र के गणमान्य लोग स्कूल की छात्र छात्राएं आदि लोग मौजूद रहे।

मेरी माटी मेरा देश के तहत शहीदों का किया गया सम्मान

कौशाम्बी। मेरी माटी मेरा देश के तहत नगर पंचायत चरवा व मदूकी में वृहस्पतिवार को कारगिल शहीद सूर्यबली सिंह यादव व शहीद चन्द्रमणि यादव को सलामी देकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। थाना प्रभारी अलोक कुमार सोनकर और फोर्स की अगुवाई में कारगिल शहीद सूर्यबली सिंह यादव व शहीद चन्द्रमणि सिंह यादव के समाधि स्थल पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।इस दौरान पुलिस के जवानों द्वारा वीर शहीद को सलामी दी गयी। शहीद सूर्यबली सिंह यादव के बड़े भाई उमाशंकर यादव व शहीद चन्द्रमणि यादव के पिता मान सिंह यादव को थाना प्रभारी चरवा अलोक कुमार सोनकर ने अंगवस्त्र पहनाकर उनका स्वागत सम्मान किया।इस मौके पर उपनिरीक्षक सुनील यादव, हेड कांस्टेबल रमेश कुमार सरोज,शिवजीत सिंह,विनय कुमार सरोज भानू सिंह यादव, वीर सिंह यादव, लल्ला सिंह यादव, पवन मक्खन लाल सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

रकम उधार लेकर ना देने वालों को पीटा

चायल कौशाम्बी। पिपरी थाना क्षेत्र के बूंदा गांव निवासी मोहम्मद नासिर पुत्र मोहम्मद खिसिर गुरुवार की सुबह 11:00 बजे अपने घर के बाहर नीम के पेड़ के पास बैठे थे इसी बीच गांव के जाहिद आबिद उसके पास पहुंचे और अपनी उधार दी रकम वापस मांगने लगे जाहिद आबिद ने मोहम्मद नासिर से जैसे ही अपनी उधार की रकम मांगा वह आग बबूला हो गया उसने रकम देने से इंकार कर दिया इसी बात को लेकर विवाद होने लगा दोनों पक्षों से गाली गलौज होने लगी देख लेने की धमकियां दी गई अपनी उधार की रकम वापस ना मिलने से परेशान जाहिद और आबिद ने मोहम्मद नासिर को ईट पत्थर से मारपीट कर दिया है जिससे उसके सिर से खून बहने लगा उधारी की रकम लेने के बाद वापस ना करना मोहम्मद नासिर को महंगा पड़ा और उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी गई मामले की सूचना मोहम्मद नासिर ने थाना पिपरी पुलिस को दिया है।

संपादक की कलम से

भारत सक्षम है मानवता को बल देने में

विश्व मानवीय दिवस प्रत्येक वर्ष 19 अगस्त को मनाया जाता है। मानव मूल्यों के छीजते दौर में इस दिवस की विशेष प्रासंगिकता एवं उपयोगिता है। इस दिवस पर उन लोगों को याद किया जाता है, जिन्होंने मानवीय उद्देश्यों के कारण दूसरों की सहायता के लिए अपनी जान न्योछावर कर दी। इस दिवस को विश्वभर में मानवीय कार्यों एवं मूल्यों को प्रोत्साहन दिए जाने के अवसर के रूप में भी देखा जाता है। इसको मनाने का निर्णय संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा स्वीडिश प्रस्ताव के आधार पर किया गया। इसके अनुसार किसी आपातकाल की स्थिति में संयुक्त राष्ट्र देशों द्वारा आपस में सहायता के लिए मानवीय आधार पर पहल की जा सकती है। इस दिवस को विशेष रूप से 2003 में संयुक्त राष्ट्र के बगदाद, इराक स्थित मुख्यालय पर हुए हमले की वर्षगांठ के रूप में मनाया जाना आरंभ किया गया था जो विश्व में मानवीय कार्यों एवं मानव-मूल्यों को प्रेरित करने वाली भावना का जश्न मनाने का भी एक अवसर है। इसका उद्देश्य उन लोगों की पहचान करना है जो दूसरों की मदद करने में विपरीत परिस्थितियों को सामना कर रहे हैं एवं मानवता की रक्षा के लिये प्रतिबद्ध है।

आज समूची दुनिया में मानवीय चेतना यानी मानवता के साथ खिलवाड़ करने वाली त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण परिस्थितियां सर्वत्र परिव्याप्त हैं-जिनमें आतंकवाद सबसे प्रमुख है। जातिवाद, अस्पृश्यता, सांप्रदायिकता, महंगाई, गरीबी, भिखमंगी, विलासिता, अमीरी-गरीबी का बढ़ता फासला, अनुशासनहीनता, पदलिप्सा, महत्वाकांक्षा, उत्पीड़न और चरित्रहीनता आदि अनेक परिस्थितियों से मानवता पीड़ित एवं प्रभावित है। उक्त समस्याएं किसी युग में अलग-अलग समय में प्रभावशाली रहीं होंगी, इस युग में इनका आक्रमण समग्रता से हो रहा है। आक्रमण जब समग्रता से होता है तो उसका समाधान भी समग्रता से ही खोजना पड़ता है। हिंसक परिस्थितियां जिस समय प्रबल हों, अहिंसा का मूल्य स्वयं बढ़ जाता है। महात्मा गांधी ने कहा है कि आपको मानवता में विश्वास खोना नहीं चाहिए। मानवता एक महासागर है। यदि महासागर की कुछ बूंदें गंदी हैं, तो भी महासागर गंदा नहीं होता है। मानवतावाद को विकसित करने का मुख्य आधार धर्म है। इसीलिये आज विभिन्न धर्मों की मानवतावादी, बुद्धिवादी और जनवादी परिकल्पनाओं को नकारा नहीं जा सकता और इनके माध्यम से भेद भावों से भरी व्यवस्था पर जोरदार प्रहार किया जा सकता है। धार्मिक विचारधाराएं एवं संगठन आज भी दुःखी, पीड़ित एवं अशान्त मानवता को शान्ति प्रदान कर सकते हैं। ऊँच-नीच, भेदभाव, जातिवाद पर प्रहार करते हुए धर्म ही लोगों के मन में एकता का विकास कर रहा है। विश्व शान्ति एवं परस्पर भाईचारे का वातावरण निर्मित करके कला, साहित्य और संस्कृति के विकास के मार्ग को प्रशस्त करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। किसी भी युग में हो रहे नैतिक पतन को रोककर मानवीय चेतना के ऊध्वारोहण के लिए अमानवतावादी दृष्टिकोण का निरसन आवश्यक होता है। सामाजिक मूल्य-परिवर्तन और मानदंडों की प्रस्थापना से लोकचेतना में परिष्कार हो सकता है। इसलिये ऑड्रे हेपबर्न ने कहा था कि जब तक दुनिया अस्तित्व में है, अन्याय और अत्याचार होते रहेंगे। जो लोग सक्षम और समर्थ हैं, उनकी जिम्मेदारी अधिक है कि वे लोग अपने से निर्बल लोगों को भी स्नेह दें। हर साल, आपदाओं एवं मानव-भूलों से लाखों लोगों विशेषतः दुनिया के सबसे गरीब, सबसे हाशिए पर आ गये लोग और कमजोर व्यक्तियों को अपार दुःख का सामना करना पड़ता है। मानवतावादी सहायताकर्मी इन आपदा प्रभावित समुदायों एवं लोगों को राष्ट्रीयता, सामाजिक समूह, धर्म, लिंग, जाति या किसी अन्य कारक के आधार पर भेदभाव के बिना जीवन बचाने में सहायता और दीर्घकालिक पुनर्वास प्रदान करने का प्रयास करते हैं।

गठबंधन में दरार पड़ना शुरू हो गई है

अशोक भाटिया

कांग्रेस के साथ 26 क्षेत्रीय दलों का नवोदित गठबंधन इंडिया भाजपा से मुकाबले के लिए बन चुका है। गठबंधन बनने के कुछ माह भी नहीं बीते कि इसमें अभी से फूट पड़ती दिख रही है। कांग्रेस के दिल्ली की सभी सात सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद आप और कांग्रेस में ठन गई है।बता दें कांग्रेस और आप दोनों इंडिया गठबंधन में शामिल है।कांग्रेस नेतृत्व ने बुधवार को एआईसीसी मुख्यालय में दिल्ली कांग्रेस के नेताओं के साथ बैठक की। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने नेताओं से बातचीत की। इस बीच कांग्रेस नेता अलका लांबा की ओर से दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने वाले बयान से सियासी खलबली मच गई।

वहीं आम आदमी पार्टी ने विपक्षी गठबंधन इंडिया की बैठक में शामिल नहीं होने तक की चेतावनी दे डाली तो इस पर कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल को सफाई देनी पड़ी । तीन घंटे तक राहुल गांधीए कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खडगेए केसी वेणुगोपाल और दीपक बाबरिया जैसे नेताओं की मौजूदगी में हुई बैठक के बाद अलका लांबा ने कहा कि पार्टी ने हमें आगामी लोकसभा चुनाव के लिए तैयारी करने को कहा है। यह निर्णय लिया गया है कि दिल्ली में सभी सात सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। अलका लांबा ने कहा कि पार्टी ने सभी सातों सीटों पर तैयारी रखने को कहा है। संगठन की तरफ से जो जिम्मेदारियां तय की जाएंगीए उस पर हम लोग काम करेंगे।अलका लांबा के इस बयान के बाद कांग्रेस के कई नेताओं को सफाई देनी पड़ी। दिल्ली कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया ने कहा कि अलका लांबा एक प्रवक्ता हैं लेकिन ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात करने के लिए वह अधिकृत प्रवक्ता नहीं हैं। मैंने प्रभारी के तौर पर कहा है कि आज बैठक में ऐसी कोई चर्चा नहीं हुई। मैं अलका लांबा के बयान का खंडन करता हूं।

इस बयान के बाद आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जब कांग्रेस गठबंधन नहीं करना चाहती तो फिर मुंबई में 31 अगस्त और एक सितंबर को होने वाली विपक्षी गठबंधन की बैठक में आप के शामिल होने का कोई मतलब नहीं है। यह समय की बबार्दी है। हमारी पार्टी का शीर्ष नेतृत्व तय करेगा कि इंडिया गठबंधन की अगली बैठक में शामिल होना है या

नहीं। अलका ने आगे कहा कि पार्टी के पास सात महीने बचे हैं और सभी कार्यकताओं को सातों सीटों के लिए तैयारी करने को कहा गया है। अलका लांबा के इस बयान के बाद दिल्ली में आम आदमी पार्टी के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस ने दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटों पर चुनाव लड? की बात की है।

बताया जाता है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के उनके समकक्ष भगवंत मान 20 अगस्त को मध्य प्रदेश के रीवा में एक रैली को संबोधित करेंगे। ष्आपष की मध्य प्रदेश इकाई के एक नेता ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर उम्मीद है कि केजरीवाल साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मतदाताओं को आम आदमी पार्टी की ष्गारंटीष की घोषणा करेंगे। रीवाए मध्य प्रदेश के विंध्य इलाके का प्रमुख शहर है।सिंह के अनुसार कार्यक्रम के दौरान केजरीवाल कुछ घोषणाएं करेंगे। जैसा कि सभी जानते हैंए केजरीवाल न केवल घोषणाएं करते हैं बल्कि सुविधाओं की गारंटी भी देते हैं। उनके अनुसार ष्आपष मध्य प्रदेश की सभी 230 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की योजना बना रही है। वर्तमान में मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी का शासन है। उन्होंने कहा कि ष्आपष ने आगामी चुनावों के लिए उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है और सूची को अंतिम रूप देने के बाद उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की जाएगी।

दरअसलए आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के खिलाफ चुनाव में सफल होकर राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल किया है। एक दशक में आप पार्टी का राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल करना पार्टी के लिए बड़ी उपलब्धि है। आम आदमी पार्टी का विस्तार उन्हीं राज्यों में हुआ हैए जहां कांग्रेस कमजोर हुई है। इस तरह कांग्रेस की सियासी जमीन पर ही आम आदमी पार्टी की मंजिल खड़ी हुई है।इसलिए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दो परस्पर विरोधी दल हैंए जो स्वाभाविक रूप से साथ होकर राजनीति कर पाएंगीए इसकी संभावनाओं को लेकर सवाल उठने लाजमी हैं। कांग्रेस केंद्र की सत्ता में थी तभी अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी का गठन किया था। आप पार्टी दो प्रदेश में कांग्रेस को हरा कर ही सरकार बनाने में सफल हुई है। दिल्ली और पंजाब में कांग्रेस के सफाए के बाद ही आप पार्टी सरकार में आई है।

गोवा में अगर भाजपा सरकार बनाने में कामयाब रही हैए तो इसके पीछे आम आदमी पार्टी की राजनीति को ही कांग्रेस जिम्मेदार ठहराती रही है। पिछले साल होने वाले हिमाचलए कर्नाटक और गुजरात के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी कांग्रेस के विरोध में उम्मीदवार खड़े कर चुकी है। गुजरात में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को तगड़ा झटका दिया था जिसके चलते ही भाजपा ऐतिहासिक जीत दर्ज करने में सफल रही थी ।

वहींए आम आदमी पार्टी के सर्वोपरि नेता अरविंद केजरीवाल राजस्थानए मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में लगातार दौरा कर कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ बयानबाजी करते रहे हैं। जाहिर है राजस्थान में अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे सिंधिया की दोस्ती से लेकर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के खिलाफ आम आदमी पार्टी सालों से अपनी जमीन तैयार करती रही है।

ऐसे में कांग्रेस के साथ आप पार्टी के गठबंधन की सूरत में दोनों पार्टियां अपने हितों को किस हद तक छोड़ने को तैयार होंगीए इस पर सवाल उठने लाजमी हैं।दिल्ली और पंजाब समेत कई राज्यों में दोनों दलों के लिए सीट शेयरिंग का फामूर्ला कैसे तय होगाए इस पर भी सवाल उठने लाजमी थे क्योंकि 2019 के चुनाव में दोनों पार्टियों के बीच दिल्ली में एक सीट पर पेंच फंसने के चलते गठबंधन नहीं हो सका था।

इसलिए आम आदमी पार्टी और कांग्रेस की स्वाभाविक दोस्ती की वजह महज राजनीतिक हो सकती हैए लेकिन धरातल पर कामयाब करना कहीं ज्यादा मुश्किल दिखाई पड़ता है। वैसे भी दिल्ली में एक बार आम आदमी पार्टी को समर्थन देने का परिणाम कांग्रेस पिछले दो चुनाव से सीधे तौर पर भुगत रही है। इसलिए दिल्ली प्रदेश के ही नहीं बल्कि पंजाब के भी कांग्रेसी नेताओं के लिए आम आदमी पार्टी के साथ चलने की बात स्वीकार कर लेना आसान नहीं दिखाई पड़ता था ।आम आदमी पार्टी यूनिफॉर्म सिविल कोड और आर्टिकल 370 जैसे मुद्दों पर कांग्रेस के विपरीत स्टैंड रखने के लिए जानी जाती है। इतना ही नहींए आम आदमी पार्टी का स्टैंड अन्य कई मुद्दों पर भी कांग्रेस के खासा विपरीत रहा है। इनमें विपक्षी दलों पर जांच एजेंसियों की दबिश को लेकर भी है जिसमें आम आदमी पार्टी और कांग्रेस एक दूसरे के साफ विरोधी नजर आए हैं।

दिल्ली में आम आदमी पार्टी की शराब नीति को लेकर कांग्रेस ने जमकर केजरीवाल पर हमला बोला था। एन ण्आरण् सीण् और सी ण्एण् एण् जैसे मुद्दे पर भी आम आदमी पार्टी का स्टैंड कांग्रेस से अलग रहा है। ऐसे में दिल्ली सर्विस बिल पर बना कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का समझौता कब तक बना रहेगाए इसको लेकर सवाल तो पहले से ही था । दिल्ली में कांग्रेस के नेता संदीप दीक्षित और अजय माकनए अरविंद केजरीवाल को समर्थन देने को लेकर गंभीर सवाल उठा चुके हैं तो पंजाब में कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा सहित कई नेता खुलकर आम आदमी पार्टी की आलोचना करते रहे हैं।

देखा जाय तो इस तरह दिल्ली और पंजाब में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच जुबानी जंग पहले से जारी है। ऐसे में आने वाले दिनों में ये समझौता दिल्ली और पंजाब सहित अन्य राज्यों में कैसे कारगर होगाए ये सवाल पहले से बना हुआ था । कांग्रेस और आप पार्टी के लिए लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ना आसान नहीं रहने वाला है। दो परस्पर विरोधी दलों के कार्यकताओं को एक प्लेटफॉर्म पर लाना दोनों पार्टियों के लिए गंभीर चुनौती रहने वाली है।कांग्रेस और आप पार्टी मोदी विरोधी मतों को गोलबंद कर पाने में कामयाब होती हैं। ऐसे में एनडीए के लिए कई राज्यों में नुकसानदायक साबित हो सकता है। इसके लिए अंकगणित के साथ.साथ दोनों दलों के लिए कैमिस्ट्री सही करना भी बड़ी चुनौती है।

दिल्ली सर्विस अमेंडमेंट बिल पर चर्चा के दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस को पंडित नेहरूए सरदार वल्लभ भाई पटेल और डॉ अंबेडकर की बातों को याद दिलाकर राजनीतिक रोटियां सेंकने की कोशिश की होगी लेकिन कांग्रेस के लिए गठबंधन की मजबूरियों में न फंसकर आम आदमी पार्टी से सावधान रहने की नसीहत के पीछे कई गूढ़ रहस्य छिपे थे ए ये कांग्रेसी भी दबी जुबान में स्वीकार करते हैं। देखना है कि कांग्रेस और आप पार्टी की दोस्ती की मियाद कितने दिनों तक रहती है।

आप पार्टी के अलावा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की हरकत भी संगठन के लिए चिंताजनक हो सकती है । नीतीश कुमार दिल्ली आए और पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की समाधि पर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी लेकिन अटल जी की समाधि पर जाकर उनका श्रद्धांजलि अर्पित करना कई कयासों को जन्म दे गयाए खासकर तबए जब अटल बिहारी वाजपेयी की पार्टी बीजेपी के नीतीश अब कट्टर विरोधी हैं। विपक्ष का कोई नेता पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को भले न याद करे पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उन्हें कभी नहीं भूलते। आज भी वे उनका गुणगान ही नहीं करते बल्कि ये कहें कि अटल जी भाजपा नेताओं से कहीं अधिक नीतीश के जेहन में रहते हैं । शायद यही वजह रही कि वाजपेयी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वे दिल्ली पहुंच गए।

अटल जी की समाधि पर जाकर मुख्यमंत्री नीतीश का श्रद्धांजलि अर्पित करना कई रहस्यों को जन्म देता है खासकर तबए जब अटल बिहारी वाजपेयी की पार्टी भाजपा के नीतीश अब कट्टर विरोधी हो गए हैं। सच तो ये है कि नीतीश को भाजपा से नहींए बल्कि उसके दो नेताओं. प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह से परेशानी है। अक्सर उनकी जुबान से भाजपा और अटल जी की चर्चा अनायास होती रहती है। भाजपा की भी कमोबेश यही स्थिति है। भाजपा को भी नीतीश कुमार का मोह छूट नहीं रहा है। ऊपर से चाहे कितना भी हमला करेए नीतीश को भाजपा भूल नहीं पा रही हैं।;

सोशल मीडिया बनता अदृश्य हथियार

डॉ नीरज भारद्वाज

अस्त्र और शस्त्र में एक बड़ा अंतर होता है। साधारण शब्दों में समझें तो अस्त्र दूरी से फेंककर मारा जाता है। दूसरा शस्त्र हाथ में रखकर योद्धा से सामने खड़ा होकर पूरी शक्ति से लड़ने के लिए प्रयोग में लाने वाला हथियार है। शास्त्रानुसार इसकी अलग.अलग व्याख्या और अर्थ भी मिल जाते हैं। ठीक इसी प्रकार धनुष से चलने वाले को बाण कहते हैं।

जो सामने दिखाई दे रहा है वह उस पर चलाया जाता है परंतु बिना देखे केवल आवाज पर चलेए उसे शब्दभेदी बाण कहते हैं। अब इस बाण और शब्दभेदी बाण में भी अंतर आ गया। शब्दभेदी बाण आवाज पर चलता हैए अब वह आवाज पशु.पक्षीए मानवए सजीव से टकराकर या निर्जीव से टकराकर भी हो सकती है। वह किसी का भी वध कर सकता है। इन हथियारों के प्रयोग से सार्थक और निरर्थक दोनों प्रकार के प्रमाण और उदाहरण हमारे शास्त्रोंए वेदोंए पुराणों में मिल जाते हैं। कई बार इनके प्रयोग से जाने अनजाने कितने ही योद्धाए वीरों आदि को वीरगति प्राप्त हुई या अकाल मृत्यु के ग्रास बन गए।

युग बदला तो इन सभी हथियारों के बाद बंदूकए तोपए गोलीए टैंकए परमाणु बम आदि से युद्ध करने की बारी आई। समय

बदला तो जलए थलए वायु सभी स्थलों पर युद्ध होने लगा। फिर जैविक हथियार का प्रयोग हुआ। कोई भी बड़ी बीमारी विरोधी देश में फैला दीजिएए वह देश आर्थिकए सामाजिकए राजनीतिक हर स्तर पर कमजोर हो जाएगा। कोरोना महामारी इसका बड़ा उदाहरण है और विश्व इसे देख ही चुकी है। इसके बाद संचार युग की बारी आई है। वर्तमान संचार युग हैए आज मनुष्य संचार के साधनों से जुड़कर वैश्विक दृष्टिकोण के साथ.साथ विश्वजन से जुड़ गया है। इन जनसंचार के माध्यमों में सोशल मीडिया एक जन आंदोलनए क्रांति का कार्य कर रहा है तो दूसरी ओर जन विद्रोहए आपसी लड़ाईए झगड़े.फसादए हिंसा का बड़ा हथियार बनता जा रहा है। सोशल मीडिया का अदृश्य चेहरा बहुत बड़े हथियार का काम कर रहा है। इसमें कौन.कौन शामिल हैंघ और यह कैसे चल रहा हैघ किसको पकड़ा जाएघ एक लंबी लड़ाई है।

यह अदृश्य चेहरा और अदृश्य लड़ाई कितने ही नरसंहार की काली गाथा देश में ही नहीं विश्व भर में लिख चुका है। सोशल मीडिया पर फेक न्यूजए फेक वीडियोए फेक आवाजेंए फेक संदेशए संवाद आदि चलते रहते हैं। व्यक्ति है कि इन फेक न्यूजए वीडियो आदि को देखते हैं। इन पर विश्वास कर एक दूसरे को मरने मारने पर आतुर हो जाते हैं। इससे जन को कई बार बड़ा नुकसान होता हैए लोग मारे जाते हैं। सामाजिक अस्थिरता फैलती हैए लोगों को और सरकार को आर्थिक नुकसान होता है। यह फेक न्यूजए संवाद वाले व्यक्ति अपने ही जैसे विचार वालों को इससे लिंक करते हैं। धीरे.धीरे वह जन आक्रोश बनकर बवाल बन जाता है। निदोर्षों की हत्याए सरकारी तंत्र को नुकसान और देश को पीछे धकेलना का कार्य किया जाता है।

यहां एक बात और चिंतनीय है कि जब भी किसी सोशल या अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म से व्यक्ति के साथ कोई निजी अनहोनी घटना घटती है तो उसे सारे साइबर क्राईम नंबरए सहायताए सहयोगए कानून आदि का पता होता है लेकिन किसी उपद्रव या विनाशकारी कार्य में वह उन वीडियोए संदेशए संवाद आदि को दबाए रखता है। केवल अपनी विचारधारा वाले व्यक्ति तक उसे भेजने का कार्य करता है जिससे कि एक भारी जन सैलाब इकट्ठा हो सके और उपद्रव तथा हिंसा को जन्म दिया जा सके।

हमें राष्ट्र और सरकार के बारे में सोचना चाहिए। देश और सरकार ने हमें अपने विचार इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रखने की स्वतंत्रता दी है।

क्या ग्लोबल वार्मिंग के कारण धधक रहे हैं जंगल ?

संपूर्ण विश्व में आज लगातार जलवायु में लगातार परिवर्तन हो रहा है। वास्तव में,इस परिवर्तन का बड़ा कारण ग्लोबल वार्मिंग है। सच तो यह है कि ग्लोबल वार्मिंग आज के समय की एक बड़ी चुनौती, अति गंभीर और एक अति संवेदनशील समस्या है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 2019-20 में ऑस्ट्रेलिया में जंगलों में आग लगने के कारण 18 मिलियन हेक्टेयर जंगल जल कर राख हो गए थे और कितने ही जंगली जानवरों, जीव जंतुओं ने आग की लपटों में खुद को असहाय भस्म होने के लिए सौंप दिया था। इस आग को ब्लैक समर बुश फायर का नाम दिया गया था। जलवायु परिवर्तन होता है तो इसका सीधा असर धरती की पारिस्थितिकी तंत्र एवं इसके पर्यावरण पर पड़ता है। आज जलवायु परिवर्तन के कारण जंगलों में आग लग जाती है।जंगल में लगने वाली आग, जिसे दावानल भी कहा जाता है, आमतौर पर लंबे समय तक जलती रहती है और बहुत नुक्सान पहुंचाती है। यह आग जंगल में स्थित सूखी लकड़ियों, आसमानी बिजली गिरने या अन्य ज्वलनशील पदार्थों के कारण लगातार फैलती जाती है और इससे बड़े स्तर पर जहां जंगली पशु पक्षी व अनेक जीव जंतु मारे जाते हैं, वहीं दूसरी ओर इससे पर्यावरण को बहुत नुक्सान पहुंचता है। हाल ही में अमेरिका के हवाई में जंगलों में आग लग गई और आग ने अत्यंत विकराल रूप धारण कर लिया। मीडिया के हवाले से यह खबरें आ रही हैं कि माउइ द्वीप पर स्थित लाहानिया का पूरा शहर इस आग की चपेट में आ गया और यह अमेरिका के 100 साल के इतिहास की सबसे भीषण आग बन गई। बताया जा रहा है और आग के कारण वहां 89 लोगों की मौत हो गई, जबकि हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। जानकारी मिलती है कि इस प्राकृतिक आपदा ने ऐतिहासिक रिजॉर्ट शहर को नष्ट कर दिया और बड़ी इमारतों को भी अपनी चपेट में ले लिया। अमेरिकी आपातकालीन सेवा एजेंसी (फेमा) के अनुसार, लाहिना के नवीकरण की लागत 5.5 बिलियन डॉलर आंकी गई है, जिसमें 2,200 से अधिक संरचनाएं क्षतिग्रस्त हो गईं, जबकि 2,100 एकड़ से अधिक जल गईं। तेज हवाओं से आग फैलने में इजाफा हुआ।बताया जा रहा है कि

अमेरिका के एक सदी के इतिहास में यह जंगल में आग लगने की यह सबसे घातक व खतरनाक घटना है। वन की आग वन आवरण, मृदा, वृक्ष वृद्धि, वनस्पति और समग्र वनस्पतियों और जीवों पर कई प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। इसलिए इससे बचाव बहुत ही जरूरी है।

जानकारी देना चाहूंगा कि इससे पहले उत्तरी कैलिफोर्निया में बट काउंटी के जंगलों में वर्ष 2018 में लगी आग में 85 लोगों की मौत हुई थी। इधर सरकार का यह कहना है कि लाहिना की आग पर अभी तक काबू नहीं पाया जा सका है।

बालकों के सर्वांगीण विकास पर हो शिक्षकों का ध्यान

सुनील कुमार महला

आज की शिक्षा पहले के जमाने की भांति टीचर्स सेंटर्ड नहीं है। आज की शिक्षा स्टूडेंट सेंटर्ड है। यानी कि स्टूडेंट आज की शिक्षा में सर्वोपरि है। पहले शिक्षा में टीचर्स सर्वोपरि हुआ करते थे। जैसा टीचर चाहते थे वैसा होता था लेकिन आज जैसा स्टूडेंट चाहते हैं वैसा शिक्षा में होता है। मतलब यह कि आज बच्चों को शिक्षा में अधिक महत्व दिया जाता है। दूसरे शब्दों में यह बात कही जा सकती है कि बाल केंद्रित शिक्षा में बालक की मनोविज्ञान के अनुरूप शिक्षण व्यवस्था की जाती है। इसका उद्देश्य अधिगमए जिसे लर्निंग या सीखना भी कहा जाता हैए संबंधी विभिन्न कठिनाइयों को दूर करना है। इसमें सीखने की प्रक्रिया के केंद्र में बालक;स्टूडेंट या शिक्षार्थीद्धहोता है। बाल केंद्रित शिक्षा में बालक की शारीरिक और मानसिक योग्यता के विकास पर अध्ययन किया जाता है।आधुनिक शिक्षा शास्त्र के अनुसार शिक्षक बच्चे के सवार्गीण विकास का प्रयास करते हैंए लेकिन प्राचीन समय में बच्चे के मस्तिष्क में जानकारी या ज्ञान को भरा जाता था। दूसरे शब्दों में कहें तो अध्यापक केंद्रित कक्षा में शिक्षक निर्देश देते हैं और बच्चे सुनते हैं। बच्चों से अपेक्षा होती है कि वे शिक्षक की आज्ञा का पालन करेंगे और अनुशासन में रहेंगे।

बहरहालए आज की बाल केंद्रित शिक्षा के बीच ही दिल्ली के एक स्कूल का मामला हाल ही में प्रकाश में आया है। जानकारी देना चाहूंगा कि दिल्ली के एक स्कूल में महज दो किताबें न ला पाने की वजह एक छात्र की बुरी तरह पिटाई कर दी। क्या एक शिक्षक को मात्र इसलिए एक बच्चे की जमकर पिटाई कर देनी चाहिए कि वह स्कूल में किताबें नहीं ला पाया घ क्या शिक्षक का यह कर्तव्य नहीं बनता था कि वह बच्चे को इसके बारे में समझाते घ यह बहुत ही अफसोसनाक है कि शिक्षक ने बच्चे को बुरी तरह से पीटा। आज की शिक्षा बाल केंद्रित शिक्षा है और बाल केंद्रित शिक्षा बच्चों की समस्याओं पर ध्यान देती है। सरकार और माननीय अदालतों द्वारा समय समय पर इस संबंध में विभिन्न दिशा.निर्देश जारी करने के बाद में भी हमारे समाज में ऐसा हो रहा हैए तो वाकई यह बहुत ही दुखद और अफसोसनाक है। क्या शिक्षकों को बच्चों के साथ अच्छे व्यवहार के साथ नहीं पेश आना चाहिए घ्बच्चे को किताब न लाने पर समझाया.बुझाया भी जा सकता था कि यह अच्छी बात नहीं है।अभिभावकों को भी सूचित किया जा सकता थाए लेकिन बच्चे को बुरी तरह से पीटने को कतई उचित नहीं ठहराया जा सकता है। बच्चे को पीटना तो यही दशार्ता है कि शिक्षक कहीं न कहीं कुंठा का शिकार था।

बच्चों को यातना दिया जाना किसी भी सूरत में सही नहीं ठहराया जा सकता है।यह विडंबना ही है कि आज बाल केंद्रित शिक्षा के इस युग में भी स्कूलों में बच्चों को यातना दिए जाने की समस्या को खत्म करना अब तक भी संभव नहीं हो सका है। मीडिया के हवाले से यह पता चला है कि उत्तर. पूर्वी दिल्ली के तुकमीरपुर में स्थित एक राजकीय स्कूल में छठी कक्षा के एक विद्यार्थी को एक विषय की किताब घर पर भूल जाने की बात पर एक शिक्षक ने बच्चे की इस तरह से पिटाई की कि उसकी गर्दन में सूजन आ गई। बच्चे की तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर मामले ने तूल पकड़ा और स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज हुई। बताया जा रहा है और अब मामले की जांच की जाएगीए लेकिन यहां यक्ष प्रश्न यह है स्कूलों में बच्चों के उत्पीड़न पर;शिक्षकों द्वारा बच्चों के साथ बुरी तरह से मारपीटए बुरा बर्तावद्ध रोक क्यों नहीं लग पा रही है घ यहां यह उल्लेखनीय है कि स्कूलों में किसी भी कारण से बच्चों को शारीरिक या मानसिक दंड पर सख्त पाबंदी है। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि भारत में बच्चों के लिए लाए गए निरूशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा ;आरटीईद्ध अधिनियमए 2009 में शारीरिक सजा और मानसिक प्रताड़ना को रोकने का प्रावधान किया गया है।अगर बच्चे को शारीरिक सजा या मानसिक प्रताड़ना दी जाती है तो इस पर आरटीई का सेक्शन 17;1द्ध रोक लगाता है और इसके सेक्शन 17;2द्ध में इसमें सजा का प्रावधान किया गया है।अगर कोई इन प्रावधानों का उल्लंघन करता है तो उस व्यक्ति के खिलाफ मौजूदा सेवा नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

बहरहालए पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि शिक्षकों को प्रशिक्षण के दौरान भी यह बताया जाता रहा है कि कक्षा में उन्हें बच्चों के साथ बेहद मानवीय और साफ्ट तरीके से पेश आना चाहिए। शिक्षक द्वारा बच्चे को किसी भी तरह की शारीरिक सजा जिससे बच्चे को दर्द होए चोट लगेए बैचेनी होने लगेए नहीं दी जा सकती है। यहां तक कि बच्चे को बेंच पर या दीवार के सहारे खड़ा करना मानसिक प्रताड़ना में शामिल किया गया है।इसके अलावा बच्चे पर तंज कसनाए अलग.अलग नाम से बुलानाए डांटनाए डरानाए अपमानजनक शब्द का इस्तेमाल करना या नीचा दिखानाए शर्मसार करना आदि को भी इसमें शामिल किया गया है।अगर स्कूल में बच्चे के प्रति व्यवहार पूर्वाग्रह से ग्रसित होता है तो वह भी भेदभाव की श्रेणी में आता है। इसमें जातिए जेंडरए व्यवसायए क्षेत्रए 25 फीसद आरक्षण में दाखिलाए कमजोर तबके में शामिल होने आदि के आधार पर किसी तरह का पक्षपात किया जाता है तो वो भी इसमें शामिल माना जाता है। सच तो यह है कि किसी भी शिक्षक को किसी भी बात पर पिटाई तो बहुत दूर की बातए डांट.फटकार से भी पूरी तरह बचना है।

यह विडंबना ही है कि आज बाल केंद्रित शिक्षा के इस युग में भी दिल्ली ही नहीं अपितु देश के दूसरे हिस्सों में आए दिन ऐसी घटनाएं मीडिया के हवाले से सामने आती रहती हैं। यहां उल्लेखनीय है कि दिल्ली में पिछले साल दिसंबर में एक शिक्षिका ने पांचवीं कक्षा की एक बच्ची की न सिर्फ पिटाई कीए बल्कि उसे पहली मंजिल से नीचे भी फेंक दिया था। यह बहुत ही संवेदनशील है कि देश भर से स्कूलों में कभी बच्चों द्वारा गृहकार्य न करने तो कभी किसी अन्य छोटी छोटी बातों पर बच्चों के खिलाफ शिक्षकों के हिंसक बर्ताव की खबरें अक्सर आती रही हैं।

यह बहुत ही संवेदनशील व दुखद बात है कि ऐसी कुछ घटनाओं में तो बच्चों की जान भी जा चुकी है।

नजूल भूमि से अतिक्रमण हटा करें पट्टा निरस्तः डीएम

पुरानी कोतवाली की ढहाई सामग्री को करें मूल्यांकन

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने पुरानी कोतवाली कर्वी परिसर में हटाये अतिक्रमण का निरीक्षण कर कहा कि नजूल भूमि के अतिक्रमण हटाकर पट्टे निरस्त किये जायें।

गुरुवार को जिलाधिकारी ने लोनिवि प्रांतीय खंड सहायक अभियंता राजकिशोर व अवर अभियंता अजीत कुमार को निर्देश दिए कि जो पुराने मकान हैं, उनका मूल्यांकन कर जो मकान अतिक्रमण में ढहाये गये हैं, उनकी सामग्री का मूल्यांकन कर लें, ताकि नीलामी कार्यवाही की जा सके। जिलाधिकारी ने एसडीएम कर्वी को निर्देश दिए कि मुख्य गेट के पास अतिक्रमण को तत्काल हटायें। जो नजूल भूमि में नगर पालिका ने पट्टे दिये हैं, ईओ नगर पालिका से पट्टों को निरस्त करायें। ईओ नगर पालिका से कहा कि पुरानी बाजार चैराहे के सुन्दरीकरण का प्रस्ताव भेजा जाए, ताकि इस चैराहा का भी सुन्दरीकरण कराया जा सके। जिलाधिकारी ने निरीक्षण में सब रजिस्टार कर्वी से कहा कि शासन से सब रजिस्टार कार्यालय निर्माण को धनराशि मांग को पत्राचार करें, ताकि धनराशि मिलते ही कार्यालय निर्माण हो सके। यहां से कार्यालय अन्यत्र शिफ्ट हो सके। इस मौके पर एसडीएम कर्वी राजबहादुर, ईओ नगर पालिका लालजी यादव, सब रजिस्टार राजेश सिंह आदि मौजूद रहे।

नजूल भूमि पर बने हैं तमाम लोगों के घर

चित्रकूट। पुरानी कोतवाली परिसर के बाहर व इर्द-गिर्द जो लोग नजूल भूमि पर बसे हैं, उन्हें कुछ को तो पूर्व जिलाधिकारी जगन्नाथ सिंह ने पट्टे दिये थे। कुछ तो बिना पट्टे के ही वहां पर मकान बनवाकर रह रहे हैं। ऐसे लोग वर्षों पहले बिना किसी से पूंछे मकान बनाकर रह रहे हैं। कुछ लोगों को तो पूर्व जिलाधिकारी जगन्नाथ सिंह ने सेवा के बदले पट्टे दिये थे। ऐसे पट्टेधारकों को नजूल भूमि से हटाया जाये तो पाठा पेयजल के सामने की भूमि भी नजूल की है। वहां भी तमाम लोग नजूल भूमि पर बडी-बडी हवेलियां खडीकर रह रहे हैं। इन्हें भी नजूल भूमि से बेदखल किया जाये।

आप ने मनाया केजरीवाल का जन्मदिन

चित्रकूट। साफ नीति व स्वच्छ राजनीति के अग्रदूत तथा भ्रष्टाचार के काल और ईमानदार राजनीति के प्रणेता, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक/दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जन्मदिन पर आप कार्यालय में पदाधिकारियों ने केजरीवाल की लम्बी आयु के लिए प्रभु कामतानाथ से प्रार्थना की।

गुरुवार को आप जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला की अध्यक्षता में नगर अध्यक्ष प्रमोद कुमार सोनी ने केजरीवाल के जन्मदिन पर केक काटकर सभी को खिलाया। मौजूद आप साथियों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष सन्तोषीलाल शुक्ला, जितेन्द्र गोयल, श्यामबाबू त्रिपाठी, प्रेमचन्द्र पटेल, राजबहादुर साहू, देवशरण वर्मा, सुमन विश्वकर्मा, कौशल्या देवी, चन्द्रभान पांडेय बबलू, नर्वदा प्रसाद यादव, शिव प्रकाश, आलोक कुमार सिंह, रणधीर सिंह, पियूष त्रिपाठी, मोनू, सनी सिंह, लवलेश सिंह, आकाश नागर, अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

शिक्षकों ने घेरा खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय

चित्रकूट। शिक्षकों के उत्पीड़न व शोषण की मंशा से खंड शिक्षाधिकारी आनलाइन अवकाश आवेदन व आनलाइन अवशेष वेतन आवेदन को बार-बार निरस्त कर रहे हैं। शिक्षकों के प्रत्यावेदन व पत्रावलियों का समय से निस्तारण न करने से क्षुब्ध उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने खंड शिक्षाधिकारी चित्रकूट कार्यालय का घेराव किया। गुरुवार को खंड शिक्षाधिकारी से अध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय की वार्ता जारी है। वार्ता में सार्थक परिणाम निकलने के आसार हैं। गुरुवार को खंड शिक्षाधिकारी का उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ ने कार्यालय का घेराव किया। वहां मौजूद कर्मचारियों से संदेश दिया कि शिक्षकों का उत्पीड़न व शोषण खत्म न होने पर शिक्षक संघ आन्दोलन करता रहेगा। नियम संगत कार्य समय से पूरा करें। अन्यथा पूरे मामले की शिकायत विधायक व शासन स्तर पर की जायेगी। शिक्षक नेता अखिलेश कुमार पाण्डेय की खंड शिक्षाधिकारी से वार्ता जारी है। विधायक मानिकपुर को मऊ आवास पर शिक्षकों ने ज्ञापन दिया। विधायक कर्वी के कार्यालय जाकर ज्ञापन दिया। चेताया कि 19 अगस्त को खंड शिक्षाधिकारी के कार्यालय का घेराव फिर किया जायेगा। इस मौके पर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय समेत तमाम शिक्षक व शिक्षिकायें मौजूद रहीं।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

खंगार धर्मशाला की अध्यक्ष ने की समीक्षा

चित्रकूट। पुरुषोत्तम मास पर खोही स्थित भारतीय खंगार समाज धर्मशाला की मासिक बैठक महाराजा खेतसिंह खंगार हाल में अध्यक्ष भोलानाथ खंगार की अध्यक्षता में हुई। गुरुवार को हुई बैठक में भोलानाथ खंगार ने धर्मशाला के निर्माण कार्य की समीक्षा की। दो कमरों के प्लास्टर व फर्श तैयार हो गई है।

कमरों व धर्मशाला में साफ-सफाई, पेयजल, सुलभ शौचालय को ध्यान देने को कहा। बिजली व्यवस्था को आने-जाने वाले आगन्तुकों को असुविधा न हो।

सामंती वर्ग भाईचारे में पैदा कर रहा विषमताः पूनम

जनवादी महिला समिति ने विरासत बचाने को किया कार्यक्रम

चित्रकूट। शोषण मुक्त समाज निर्माण को एकता और भाईचारे के साथ साझी विरासत बचाये रखने को जनवादी महिला समिति की जिलाध्यक्ष पूनम ने आवासीय विद्यालय गनीवा में महिलाओं व बच्चों के साथ 77वें स्वतंत्रता दिवस पर कहा कि समाज का सामंती वर्ग साझी विरासत व भाईचारे को समाप्त करने को समाज में बिषमता पैदा कर रहा है।

गुरुवार को जनवादी महिला समिति की जिलाध्यक्ष पूनम ने कहा कि ऐसे में महिलाओं व नौजवानों के आगे गांधीवादी ढंग से एकता व भाईचारे को बचाने को सामंतवाद के खिलाफ आवाज उठानी होगी, तभी आजादी की लड़ाई में शहीद स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार किया जा सकता है। जनवादी महिला समिति को मजबूत करना होगा। जनवादी महिला समिति महिलाओं के साथ सामंतवाद को समाप्त करने व महिलाओं के साथ होने वाले शोषण-उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठायेगी।

का पूनम ने कहा कि सामंतवाद ही महिलाओं के शोषण व उत्पीड़न के लिए जिम्मेदार है। कार्यक्रम में बच्चों ने गीत पेश कर आगे बढ़ाया। कार्यक्रम में रनूवा देबी, देवती, सीमा, संतोष कुमारी, आशा देवी, बिट्टी देवी, सेमिया, मिथिला देवी, शोभा कुमारी, सुनीता, शिव दुलारी, मंजू देवी, राधिका कुमारी, रंजना देवी, मंजू दीदी, रामप्यारी दीदी आदि ने हिस्सा लिया।

अधिक श्रावण मास में सदगुरु महिला मण्डल ने किया रामायण मास पारायण

चित्रकूट। परमहंस संत रणछोड़दास जी महाराज के कर कमलों से स्थापित श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट परिसर में स्थित गुरुमढ़ी प्रार्थना भवन में श्री सद्गुरु महिला समिति, शिक्षा समिति और सद्गुरु महिला मंडल की लगभग दो सौ महिलाओं ने इस वर्ष पड़े अधिक श्रावण मास में संगीतमय श्री रामचरितमानस का मास पारायण किया। गुरुवार को समिति की अध्यक्षा श्रीमती उषा जैन के निर्देश पर विधिविधान से मानस पाठ लगातार तीस दिनों तक हुआ। मास के अंतिम पारायण पर महिला मण्डल की सभी महिलाओं ने तीर्थराज प्रयागराज जाकर पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान ध्यान भी किया। कार्यक्रम के अंतिम दिन महिलाओं ने आचार्य सुरेंद्र तिवारी व अन्य विप्रजनों के सानिध्य में हवन कर पूणार्हुति की। अध्यक्ष उषा जैन ने बताया कि इस मंडल की अधिकतर महिलायें ग्रामीण परिवेश से आती हैं। धर्म तथा अध्यात्म के प्रति सभी रुचि रखती हैं। वर्षभर प्रत्येक गुरुवार को सामूहिक पाठ, कीर्तन, भजन सभी मिलकर करती हैं। अपनी नई पीढ़ी को भी कार्यक्रमों में शामिल कर धार्मिक संस्कार प्रदान कर रही हैं। समय-समय पर समिति की सभी महिलायें ऐसे कार्यक्रम में सहभागिता देती हैं। इससे उनमें आत्मविकास और सामाजिक सहयोग की भावना बढ़ती है। ऐसे कार्यक्रमों से धार्मिक संस्कारों का प्रसार होता है।

भाजपाइयों ने मनाई अटल की पुण्यतिथि

चीनी हमले के विरोध में अटल ने छोडी थी विदेश यात्राः अशोक जाटव

चित्रकूट। लोनिवि डाक बंगले में भाजपा के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने राष्ट्रकवि/पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि मनाई। उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि दी। गुरुवार को भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई को याद कर कहा कि भारत की मिट्टी में जन्म लेने वाले सौभाग्यशाली राजनेताओं में विरले ही हैं, जो अपनी कला, संस्कृति और साहित्य से निरंतर जुड़े रहकर राजनीति के चक्रव्यूहों के बीच भी लेखनी को विराम नहीं देते। राजनेता के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी की छवि कुशल राजनेता, दूरद्रष्टा व कालजयी कवि की रही। अद्भुत वक्तत्व शैली की धूम पूरे देश में रही है।

जिला पंचायत अशोक जाटव ने कहा कि एक बार किसी पत्रकार ने अटल जी से पूंछा था कि शब्द आपके जिह्वा में कैसे आते हैं, क्या कोई दिव्य प्रेरणा है, अटल जी ने किसी बच्चे की तरह शरमा व सकुचा गए और विषय बदलने का इंतजार करने लगे। उससे पहले भी कितनों को याद है अटलजी का विदेश मंत्रित्वकाल में कार्टर की भारत यात्रा कई लोगों को याद होगी। पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र ने कहा कि शब्दों की ही तरह अटलजी भी शाश्वत हैं, वे साक्षात शब्द थे। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, बुंदेलखंड विकास बोर्ड सदस्य लवकुश चतुर्वेदी, जिला महामंत्री राजेश जायसवाल, अश्वनी अवस्थी जिला उपाध्यक्ष, आनंद पटेल, अंजू वर्मा, कोऑपरेटिव बैक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पहाड़ी ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता, जगदीश गौतम, हेमंत सिंह, भागवत त्रिपाठी, अर्पित जायसवाल, रामेंद्र गौतम, अशीष पांडे, अभिषेक ओझा, हीरो मिश्रा, हबीब खान, दशरथ प्रजापति, मनोज तिवारी, शानू गुप्ता, रामबाबू पटेल, बृजेंद्र शुक्ला, अनुज निगम, रमाकांत पांडे, शैलेंद्र सोनी, हरीश चंद्र गुप्ता, शुभम केशरवानी, सुखेंद्र सिंह, अर्चना सिंह, प्रमेंद्र सिंह, मोहित मिश्रा, लवकुश यादव, विनीत पयासी आदि मौजूद रहे।

28 अगस्त को खोली जायेगी बिडः राजकुमार

चित्रकूट। उपकृषि निदेशक राजकुमार ने किसानों से कहा है कि प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फार इन-सीटू मैनेजमेन्ट आफ क्राप योजना के तहत पराली प्रबंधन को जेम पोर्टल के माध्यम से डिकम्पोजर खरीदने को कस्टम बिड से आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि विवरण एवं शर्तें बिड नम्बरः जेम/2023/बी/3836793 पोर्टल पर 28 अगस्त के बीच देखकर कस्टम बिड डाली जायेगी। जेम पोर्टल पर कस्टम बिड से ई-टेंडर अनुसार 28 अगस्त को दोपहर साढे 12 बजे बिड खोली जायेगी।

जहरखुरान गैंग सदस्य को तीन साल की सजा, दस हजार रूपए जुमार्ना, त्वरित न्यायालय ने सुनाया फैसला

चित्रकूट। प्लेटफार्म पर नशीले पदार्थ से यात्रियों को जहर खुरानी का शिकार बनाने वाले को त्वरित न्यायालय ने तीन वर्ष की सजा सुनाई है। दस हजार रूपए के जुमार्ना से दंडित किया है।

गुरुवार को सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सनद कुमार मिश्रा ने बताया कि 22 जुलाई 2015 को मानिकपुर के जीआरपी थाना प्रभारी भुवनेश्वर पाण्डेय ने हमराही राजबली, रघुवर दयाल व कैलाश बाबू के साथ मानिकपुर रेलवे स्टेशन में भ्रमण कर रहे थे। मुखबिर से सूचना मिली कि जहर खुरान गिरोह के सक्रिय सदस्य रेलवे स्टेशन में मौजूद है। जीआरपी टीम ने मौके पर जाकर आजमगढ जिले के तरवा थाने के हरदासपुर के रामवृक्ष सोनी पुत्र दशरथ सोनी को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से सफेद पाउडर निकला। पूंछताछ में आरोपी रामवृक्ष सोनी ने बताया कि ये नशीला पाउडर है। वह रेलगाडी में आवागमन करने वाले यात्रियों से दोस्ती कर उनके खाने की चीजों में मिला देता है। यात्रियों के बेहोश होने पर उनका सामान लेकर चम्पत हो जाता है। जीआरपी टीम ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्जकर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया।

बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद त्वरित न्यायालय के अपर जनपद न्यायाधीश सुशील कुमार वर्मा ने आरोपी को दोष सिद्ध करार दिया। उसे तीन वर्ष की सजा और दस हजार रूपए के जुमार्ना से दंडित किया।

एसपी ने पिछडे क्षेत्र में छात्रों के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस, बच्चों को शिक्षा के प्रति किया जागरुक

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला ने उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहिलपुरवा में छात्र/छात्राओं के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया। ये क्षेत्र जंगल में शहर से दूर होने से सुविधाओं से वंचित एवं पिछड़ा है।

स्वतंत्रता दिवस पर पुलिस अधीक्षक ने छात्रों से वार्ता कर उन्हें शिक्षा के प्रति जागरुक किया। उन्हें मार्गदर्शन दिया। जीवन में कैसे मेहनत करके आगे बढ़ें। जीवन में शिक्षा का क्या महत्व है, इस बाबत छात्रों को विस्तार से बताया। विद्यालय के छात्रों ने देश भक्ति कार्यक्रम पेश किये। उन्होंने बच्चों को उपहार स्वरुप शिक्षण सामग्री, फल एवं मिठाई बांटी।

इस मौके पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, प्रभारी यातायात मनोज कुमार, थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने दबोचे वांछित महिला व पुरुष

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने तीन वांछित दबोचे हैं।

गुरुवार को चैकी प्रभारी शिवरामपुर श्यामदेव सिंह की टीम ने जालस-ाजी के वांछित अंजलि देवी पुत्री हरिश्चंद्र निवासी लौहार तलैया खाईपार जिला बांदा व दरोगा श्याम देव सिंह ने वारंटी गंगा सिंह पुत्र छेदीलाल निवासी बालापुर खालसा कोतवाली कर्वी को गिरफ्तार किया है। टीम में चैकी प्रभारी शिवरामपुर श्यामदेव सिंह, महिला सिपाही पारुल शामिल रहीं।

मऊ थाना प्रभारी राजेश कुमार द्विवेदी की टीम ने दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के वांछित गोपाल पासी पुत्र जयकरण निवासी कुशहाई मजरा बरियारी कला को गिरफ्तार किया है। टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना मऊ राजेश कुमार द्विवेदी, सिपाही अभिषेक कुमार, चालक राजकुमार शामिल रहे।

राजस्थान के सचिवालय में ईडी : योजना भवन में मिले करोड़ों का मामला

जयपुर। राजस्थान के सचिवालय में अब ईडी पहुंची गई है। जयपुर के योजना भवन में अलमारी से मिले करोड़ों रुपए की नकदी और एक किलो सोने के मामले की जांच इस कार्रवाई का हिस्सा है। एऊ की टीम ने आज DOIT की शासन सचिव आनंदी को विभागीय जांच का पत्र सौंपा है।

इससे पहले जयपुर में सचिवालय स्थित योजना भवन की सरकारी अलमारी से 2.31 करोड़ रुपए और एक किलो सोना मिलने के मामले में ईडी की टीम ने निलंबित ऊडक्ळ जॉइंट डायरेक्टर वेद प्रकाश को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर कर लिया था।

बता दें कि जयपुर के शासन सचिवालय के पीछे योजना भवन के आईटी कार्यालय में करोड़ों रुपए की नगदी और सोना मिलने के मामले में ईडी की राजस्थान में एंट्री हो चुकी है। इस मामले में अउइ की कार्रवाई पूरी होने के बाद अब ईडी ने अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है। ईडी ने वेद प्रकाश यादव को वापस गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था। जहां से उसे डिमांड पर भेजा था। अब ईडी की टीम जांच कर रही है कि करोड़ों रुपए की नकदी और सोना वेद प्रकाश का है या किसी और का। ईडी की एंट्री से राजस्थान में हलचल मची हुई है। वहीं कांग्रेस ईडी की कार्रवाई को लेकर केंद्र सरकार पर जमकर हमले कर रही है।

वेद प्रकाश की भूमिका को जांच रही है ईडी

सचिवालय के पीछे स्थित सरकारी कार्यालय में करोड़ों रुपए की नकदी और सोना मिलने के मामले में ईडी बाल की खाल निकालने में लगी हुई है। ईडी को आशंका है कि कहीं वेद प्रकाश को मोहरा तो नहीं बनाया गया। इस एंगल को लेकर ईडी बारीकी से जांच करने में जुटी हुई है। इसके अलावा वेद प्रकाश के पद की भूमिका को लेकर भी पड़ताल की जा रही है कि उनके पास क्या-क्या पावर थे। ईडी ने अपनी जांच आगे बढ़ते हुए अउइ से अब तक हुई पूरी जांच की जानकारी मांगी है।

क्षेत्र के इंग्लिस मीडियम स्कूलों में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

अखंड भारत संदेश

राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में प्रस्तुत हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

मेजा। आजादी का महापर्व स्वतंत्रता दिवस 15अगस्त को पूरे मेजा क्षेत्र में संचालित इंग्लिश मीडियम स्कूलों एंड कालेजों में बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया इस दौरान सभी स्कूलों में निर्धारित समय पर ध्वजारोहण के पश्चात रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा मिठाईयां बांटी गई। बता दें कि स्वतंत्रता दिवस के इस महापर्व के मद्देनजर दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एंड कालेज को दुल्हन की भांति सजाया गया था स्कूल के चेयरमैन सुशील मिश्रा व प्रबंधक श्रीमती डा स्वतंत्र मिश्रा द्वारा सामूहिक रूप से ध्वजारोहण करने के पश्चात राष्ट्रगान का कार्यक्रम कराया गया। तत्पश्चात विद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहनीय प्रस्तुति की गई। इस मौके पर अपने संबोधन में चेयरमैन श्री मिश्रा ने जहां आजादी पर विस्तार से टिप्पणी देते राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को नमन किया वहीं प्रबंधक डॉक्टर स्वतंत्र मिश्रा ने देश के वीर जवानों तथा क्रांतिकारी देशभक्तों पर विस्तार से बोलते हुए उनके त्याग बलिदान और योगदान को याद करते आजादी का मतलब बताया और राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को नमन करते हुए विद्यालय के बच्चों धन्यवाद दिया इस दौरान समूचा विद्यालय परिसर तिरंगा में प्रतीत हो रहा था। इसी क्रम में सेंट पीटर्स छतवा की प्रिंसिपल श्रीमती शिवानी खैरा ने इस मौके पर विद्यालय के बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के लिए हमारे क्रांतिकारी देशभक्त वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी है हमें उनके त्याग बलिदान और योगदान को कभी नहीं भूलना चाहिए उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर विस्तार से बच्चों को बताया। मेजरोड़ के जानवर स्थित सेंट पीटर्स को एजुकेनल स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती अंकिता खेरा तथा प्रबंधकअभिषेक खेरा ने भी अलग अलग तरीके सेआजादी के महत्व पर प्रकाश डाला और बच्चों को जानकारी दी इस मौके पर संपूर्ण विद्यालय परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा राष्ट्रीय गीतों पर आधारित गानों से गुंजायमान रहा। सेंट पीटर्स को एजुकेशनल स्कूल की छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक राष्ट्रीय गीतों की प्रस्तुति की गई जो उपस्थित लोगों में सराहनीय रहा। इसी क्रम में एम एल पब्लिक स्कूल एंड कालेज खानपुर, चौकी, वी आर पब्लिक स्कूल रामनगर, एस डी पब्लिक स्कूल एंड कालेज रामनगर, ज्ञान दिप इंटरनेशनल स्कूल रामनगर में झंडा फहराया गया।

अपने कर्तव्य एवं दायित्व का निष्ठा पुर्वक निर्वहन ही सच्ची देश भक्ति : डा० नीरज सिंह पटेल

मेजा। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामनगर में अधीक्षक डा० नीरज पटेल एवं वरीष्ठ चिकित्साधिकारी डा दुष्यंत सिंह पटेल एवं ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक आशीष कुमार द्विवेदी द्वारा वृक्षा रोपण किया गया। इसके उपरांत अधीक्षक डा० नीरज पटेल द्वारा समस्त स्टाफ की उपस्थिति में ध्वजा रोहण किया गया ध्वजा रोहण के उपरांत अधीक्षक डा० नीरज सिंह पटेल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामनगर के स्टाफ को सम्बोधित करते हुए कहा गया की अपने कर्तव्य एवं दायित्व का निष्ठा पुर्वक निर्वहन ही सच्ची देश भक्ति है इस अवसर पर मै सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामनगर के समस्त स्टाफ से अनुरोध करता हूँ की आप समस्त सेवा भाव से मरीजों के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डा० दुष्यंत सिंह, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक आशीष द्विवेदी, डा0 राममूर्ती यादव, एस०टी०एस० अंकित पाण्डेय, चिफ फार्मासिष्ट महेन्द्र सिंह, एल०टी० नीरज द्विवेदी, बी०के० सिंह, श्रीमती सुशीला साहू, श्रीमती रीता राय, विद्या, शुभम पाण्डेय एवं समाज सेवी चन्द्र प्रकाश मिश्रा,सन्तोष पटेल सहित समस्त सी०एच०सी० स्टाफ उपस्थित रहे।